


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-292 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 04 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## एमपी में जहरीले कचरे के खिलाफ प्रदर्शन, दो लोगों ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बरसाई लाठियां





धार/पीथमपुर (आरएनएस)। भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीले कचरे को धार जिले के पीथमपुर में लाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर कचरे को वापस भोपाल ले जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान दो युवकों ने आत्मदाह का भी प्रयास किया, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज का भी इस्तेमाल किया। भोपाल गैस त्रासदी, जो दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में से एक है, के चार दशक बाद भी इसके अवशेषों का निपटान एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। 1 जनवरी की रात को, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीले कचरे को सुरक्षित निपटान के लिए पीथमपुर लाया गया था, जिसके बाद से ही स्थानीय लोगों में नाराजगी है। 2-3 दिसंबर 1984 की मध्यरात्रि को यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के कीटनाशक संयंत्र से घातक गैस लीक होने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान, राजकुमार रघुवंशी और राज पटेल नामक दो युवकों ने आत्मदाह का प्रयास किया, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। प्रदर्शनकारियों ने कचरे को वापस भोपाल ले जाने की मांग करते हुए दुकानें भी बंद करा दीं। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा, भोपाल से 40 साल पुराना जहरीला कचरा यहां पीथमपुर में निपटान के लिए लाया गया है। हम यहां कचरे को नहीं जलाने देंगे। हम पीथमपुर के लोगों के साथ हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।इससे पहले गुरुवार को, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा था कि कचरे के निपटान से पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2015 में पीथमपुर में 10 मीट्रिक टन कचरे का ट्रायल जलाया गया था, जिसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि कचरे के निपटान से पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ता है, जिसके बाद हाईकोर्ट ने बाकी कचरे को जलाने के निर्देश दिए थे।हालांकि, स्थानीय लोग मुख्यमंत्री के आश्वासन से संतुष्ट नहीं हैं और कचरे को पीथमपुर से वापस ले जाने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी तरह के जहरीले कचरे का निपटान नहीं होने देंगे। सामाजिक कार्यकर्ता संदीप रघुवंशी ने कहा कि जब तक कचरे के कंटेनर वापस नहीं भेजे जाते, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस घटना ने एक बार फिर भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों और उनके द्वारा झेली जा रही समस्याओं को सुर्खियों में ला दिया है।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से निजामुद्दीन दरगाह पर चादर चढ़ाई और अजमेर शरीफ की अपनी यात्रा से पहले आशीर्वाद मांगा।

## शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत के कई राज्य, आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली एनसीआर समेत देश के तमाम राज्य शीतलहर की चपेट में है। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोहरे और ठंड को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण 6 जनवरी तक तेज हवाओं और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में न्यूनतम तामपान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में गुरुवार को लगातार चौथे दिन भीषण ठंड की स्थिति बनी रही। पश्चिम दिल्ली में कोहरे और ठंड को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के तरनतारन, गुरदासपुर, जालंधर, अमृतसर में भी अत्यधिक ठंड की आशंका जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, हरियाणा के कुछ इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। गाजियाबाद में भी हालात वैसे ही हैं।

## 6 वर्ष की अबोध आदिवासी बालिका से दुष्कर्म करने के बाद हत्या

### नहर किनारे फेंका शव मां के पास सोते समय उठाकर जंगल ले गया था आरोपी



सिवनी मालवा। डोलरिया (निप्र)। एक आदिवासी अबोध बालिका से दुष्कर्म करने के बाद दरिंदे ने उसकी हत्याकर शव को नहर किनारे फेंक कर भाग गया। घटना की जानकारी मिलने पर गांव के लोगों में आक्रोश है। शव को रखकर ग्रामीणों ने चक्का जाम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा तहसील के एक गांव की 6 वर्ष की अबौध बालिका को एक दरिंदा ने बालिका की मां के पास सोते समय उठाकर ले गया। उसके बाद बालिका से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर शव को नहर किनारे फेंक दिया। हत्या के बाद नाराज लोगों ने शव रखकर चक्काजाम किया। घटना के संबंध में पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार आरोपी बालिका को सोते समय उसकी मां के पास से घर से उठाकर जंगल ले गया और दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी शव नहर किनारे फेंक दिया। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए फांसी देने की मांग की है। ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई के लिए लिखित आश्वासन दिया उसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन बंद किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी सोनल बेन मोदी का नैमिषारण्य दौरा, शक्तिपीठ ललिता देवी मंदिर में पूजा

सीतापुर(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी सोनल बेन मोदी ने जनपद के प्रसिद्ध नैमिषारण्य स्थित शक्तिपीठ ललिता देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर में विशेष पूजन की और देवी ललिता के आशीर्वाद की कामना की। सोनल बेन मोदी ने दांडी साधुओं को कंबल वितरित किया और बटुक ब्राह्मणों को दक्षिणा भी प्रदान की। उनकी इस पहल को समाज में सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।योग कायाकल्प की संरक्षक के रूप में सोनल बेन मोदी का यह प्रयास स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक अहम कदम माना जा रहा है।

## जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान में अब जुड़ गया है जय अनुसंधान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय विज्ञान और परंपरा के गहरे संबंध हैं। भारत ने हमेशा अपने नेतृत्व से विज्ञान और नवाचार को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने भारतीय विज्ञान और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का आह्वान कर भारत को एक नई ऊर्जा दी। इस नारे ने न केवल भारत की रक्षा और कृषि को मजबूत किया, बल्कि राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित भी किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने इस कड़ी में जय विज्ञान को जोड़ा, जो भारत की वैज्ञानिक सोच और उपलब्धियों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस श्रृंखला में जय अनुसंधान जोड़ते हुए विज्ञान और नवाचार को एक नई दिशा दी है। कोविड-19 महामारी के दौरान मात्र एक वर्ष में स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण करना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य और नेतृत्व की कुशलता को प्रदर्शित करती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के समय में हुए परमाणु परीक्षण (पोखरण) और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हुई वैज्ञानिक प्रगति, दोनों ही यह दिखाते हैं कि भारत ने हर चुनौती को अवसर में बदलकर दुनिया के सामने अपनी योग्यता और क्षमता को सिद्ध किया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवींद्र भवन में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को बाल प्रतिभाओं के विकास का बेहतरीन मंच बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन जिले के डोंगला में स्थापित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला में हुए नवीनीकरण कार्य एवं नए उपकरणों के साथ ऑटोमेशन कार्य का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने वीर भारत न्यास के रिसर्च जर्नल युगयुगीन भारत का पुरोवाक्य का विमोचन किया, साथ ही वीर भारत न्यास द्वारा बनाई गई महादेव फिल्म सीरीज का लोकार्पण भी किया।


## भिवानी में एससी छात्रा द्वारा फीस न देने के कारण आत्महत्या, सरकार सख्त, न्याय का भरोसा दिया

भिवानी, (आरएनएस)। भिवानी के फरटिया गांव में अनुसूचित जाति की एक छात्रा ने फीस न देने के कारण आत्महत्या कर ली, जो पूरे प्रदेश को हिलाकर रख देने वाली दुखद घटना है। इस संवेदनशील मामले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, डरने की जरूरत नहीं, न्याय मिलेगा।

**मंत्री कृष्ण बेदी का बयानः-** मंत्री कृष्ण बेदी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि उन्हें डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस मामले में हर संभव कदम उठाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**एसएचओ को लाइन हाजिर और कॉलेज प्रबंधन पर कार्रवाई :-** मंत्री ने कार्रवाई करते हुए संबंधित एसएचओ को तुरंत लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कॉलेज प्रबंधन से जुड़े सभी लोगों को जांच के दायरे में लाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।स्थानीय विधायक पर गंभीर आरोप = मंत्री बेदी ने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि फीस माफ करने के नाम पर उन्होंने समाजसेवी बनने की कोशिश की, लेकिन जब न्याय दिलाने की बात आई तो वे गायब हो गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार, शख्स से 15 घंटे तक पूछताछ करने पर बताया अमानवीय व्यवहार



नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय को पूछताछ के तरीकों को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने एक मामले में आधी रात के बाद तक लगभग 15 घंटे तक पूछताछ को 'अहंकारी' और 'अमानवीय' करार दिया है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस तरह की पूछताछ से स्पष्ट है कि एजेंसी व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर कर रही थी, जो कि बेहद चौंकाने वाला है। यह मामला हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार की गिरफ्तारी से जुड़ा है, जिन्हें ईडी ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पंवार से लगभग 15 घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें रात 1.40 बजे गिरफ्तार किया था। हालांकि, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बाद में उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर दिया था, जिसके खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए ईडी की अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला आतंकवादी गतिविधि का नहीं, बल्कि अवैध रेत खनन का था, और इस तरह के मामले में लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता।

## महाराष्ट्र में हत्या कर फरार आरोपी सोनू कौशाम्बी में गिरफ्तार

कौशाम्बी (आरएनएस)। महाराष्ट्र के ठाणे में आभूषण कारोबारी की हत्या करने के बाद फरार चल रहे आरोपी शशांक मिश्रा उर्फ सोनू को प्रयागराज एसटीएफ और महाराष्ट्र पुलिस ने कौशाम्बी जिले के मंझनपुर से गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ के उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर की रात सोनू और उसके साथियों ने ठाणे के शाहपुर स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक दिनेश चौधरी को लूटने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद सोनू, अंकित यादव उर्फ शिन्टू और फैजान फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के बाद एसटीएफ के साथ मिलकर सोनू को मंझनपुर से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में सोनू ने बताया कि फैजान ने ही लूट की योजना बनाई थी और जनवरी 2024 से आभूषण कारोबारी की रेकी की जा रही थी। आरोपी सोनू पर पहले से मंझनपुर थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि हत्या में शामिल अन्य आरोपी अंकित और फैजान अभी फरार हैं।




## बेटी ने मां को उतारा मौत के घाट, पुलिस गिरफ्त में आरोपी

*मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन की हद्द में स्थित कुरैशी नगर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बेटी ने अपनी 62 वर्षीय मां की हत्या कर दी। उसने थाने पहुंचकर पुलिस को हत्या की जानकारी दी।शुरुआती जांच में पारिवारिक द्वेष की बात सामने आई है। कथित तौर पर आरोपी को लगता था कि उसकी मां उससे कम और उसकी बड़ी बहन से ज्यादा प्यार करती है। मृतक महिला का नाम सबीरा बानो असगर शेख और बेटी का रेशमा बताया जा रहा है।इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर जांच तेज कर दी है।पुलिस ने बताया कि दोनों मां बेटी के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बीती शाम भी इनके बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच बात हाथापाई तक आ गई। इसके बाद आरोपी बेटी ने घर में रखे चाकू से अपनी मां पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।हत्या करने वाली 41 वर्षीय आरोपी बेटी का नाम रेशमा मुजफ्फर काजी है।सबीरा बानो अपने बेटे के साथ मुंब्रा में रहती थीं। 2 जनवरी की शाम वह अपनी बेटी से मिलने कुर्ला के कुरैशी नगर आई थीं, तभी आरोपी रेशमा अपनी मां से झगड़ने लगी। वो नाराज थी क्योंकि उसे लगता था कि मां उसकी बड़ी बहन से ज़्यादा प्यार करती है और उससे नफ़रत करती है।*

## भाजपा में भ्रष्टाचारियों का जखीरा आपस में लड़ रहा है : जीतू पटवारी

### कचरा डिस्पोजल को लेकर चल रहा है भूमाफिया का खेल : जीतू पटवारी



भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश और देश में जनता ने भाजपा पर भरोसा किया। पिछले एक महीने से भ्रष्टाचार का जो आलम है, इस तरीके से पूरे देश में मध्यप्रदेश का चेहरा काला हो रहा हैं, भ्रष्टाचार के कोड़ से मप्र ग्रसित हो गया है। हमने एक माह पहले से आग्रह किया कि युनियन काबाईड का कचरा है, इसके पीछे भूमाफिया का जो खेल है, कचरा डिस्पोजल को लेकर जो बाते सामने आयी हैं, उससे सरकार को बचना चाहिए था, लेकिन सरकार उससे नहीं बच सकी। आनन-फानन, रातों-रात कचरे को यहां से वहां डंप किया गया, रात्रि में दो बजे पता चला कि कचरा जायेगा, कचरा पहुंचाने की किसी को कानों कान खबर नहीं लगी, ऐसा क्यों? श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश के काबिना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जो धार के प्रभारी मंत्री हैं वे कहते हैं हमें पता ही नहीं चला। इंदौर के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव जी हैं, क्या हालात बन गये हैं कि लोग मोहन यादव को जगाने के लिए खुद को आग के हवाले कर रहे हैं। इतनी निर्लज्ज और निकम्मी सरकार है ये कि लोग खुद को आग लगा रहे हैं। ये बहुत ही दुख का विषय है। जैसा मैंने कल इंदौर में सुमित्रा महाजन जी से मुलाकात कर आग्रह किया था कि जब तक इसका टेक्नीकल सत्यापन नहीं होता है, कचरे को रोकना चाहिए। श्री पटवारी ने कहा कि कल जिस तरीके से मोहन यादव और कैलाश विजयवर्गीय का बयान आया कि 25 साल पहले कचरे का जो जहरीला तत्व था, वह समाप्त हो गया, क्या ये वैज्ञानिक है, ज्ञाता हैं, आखिर क्या है? इस विधा को जानने वाले तो कह रहे हैं कि इससे लोगों में केंसर का खतरा बड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामकी कंपनी के 10 किलोमीटर के दायरे में मैं स्वयं गया वहां फसलें जहां पांच क्विंटल होती थी, वहां एक क्विंटल हो रही हैं, हर गांव में लोग कैंसर एवं अन्य शारीरिक समस्या से ग्रसित हैं। पानी पीने योग्य नहीं है और यषवंत सागर बांध 30 किलोमीटर है। जहां इंदौर का कैचमंट एरिया आता है, उसका पानी पूरा इंदौर शहर पीता है वहां इसका असर होने लगा है।





विविध- समाचार

## पिता की डांट से नाराज किशोर ने फांसी लगा ली

भोपाल (आरएनएस)। पिता की डांट से नाराज किशोर के फांसी लगाने की घटना सामने आई है। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है, जब 17 वर्षीय किशोर करीब 2 बजे घर पहुंचा। जिसके बाद पिता ने डांट भी लगाई, तब किशोर ने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली।जिसकी सूचना रात करीब 2:30 बजे पुलिस को दी, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम हमीदिया अस्पताल में करवाया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है, वहीं संबंधितों के बयान भी लिए जा रहे हैं।एएसआई अनंत कुमार पांडे के अनुसार वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स इलाके में रहने वाले एक किशोर (17) रात करीब 2 बजे घर पहुंचा, जिसके बाद पिता ने उसे डांट लगाई, पूछा कि कहां से आ रहे हो, वहीं परिवार के अन्य सदस्यों ने भी उससे इस बात को लेकर पूछताछ की, जिससे वह बुरी तरह से नाराज हो गया और दूसरे कमरे में जाकर अपने आप को बंद कर लिया।वहां रखी एक साड़ी से फांसी का फंदा बनाया और फांसी पर झूल गया। बता दें कि किशोर के पिता मजदूरी करते हैं, लंबे समय से किशोर घर में देर रात ही आता था।

## परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता को हटाया,विवेक शर्मा होंगे नए परिवहन आयुक्त

भोपाल (आरएनएस)। गृह विभाग ने अपने आदेश में 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी विवेक शर्मा को अब परिवहन आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी है, विवेक शर्मा इस समय बतौर एडीजीपी योजना के पद पर पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ हैं, अब उनकी सेवाएं परिवहन विभाग को सौंप दी गई हैं। राज्य शासन ने डीपी गुप्ता को फ़िलहाल कोई जिम्मेदारी नहीं दी हैं, वहीं विवेक शर्मा को परिवहन आयुक्त बनाये जाने के बाद योजना विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी एडीजीपी प्रबंध योगेश चौधरी को सौंपी है वे अगले आदेश तक एडीजीपी प्रबंध के साथ साथ एडीजीपी योजना का दायित्व भी निभाएंगे, माना जा रहा है कि इस तबादले के पीछे सौरभ शर्मा का मामला है। एडीजी डीपी गुप्ता को 4 फरवरी 2024 को परिवहन आयुक्त बनाया गया था। इस पद पर उनकी नियुक्ति के बाद एडीजी रैंक के एक अन्य अधिकारी उमेश जोगा की भी शासन ने वहां पदस्थापना की थी। ऐसा पहली बार हुआ था कि एडीजी रैंक के दो अधिकारी परिवहन विभाग में आयुक्त और अपर आयुक्त के रूप में पदस्थ हुए थे।

## स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने गुरूवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान में 2 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 35 प्रदेशों के लगभग 1391 छात्र हॉकी एवं शूटिंग खेलों में भाग लेंगे।मंत्री सिंह ने प्रतिभागियों, उनके पालकों एवं प्रशिक्षकों का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की विविधता को दर्शाता है। विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, पहनावे एवं धार्मिक मान्यताओं का संगम हुआ है। सिंह ने कहा कि खेल में जीत महत्वपूर्ण है, लेकिन पराजय के बाद पूरी तैयारी और नई चुनौती के साथ आगे बढ़ना ही असली खेल भावना है। उन्होंने कहा कि विजेता को बधाई मिलनी चाहिए, लेकिन हारने वाले भी अगली बार के लिए मेहनत करें तो जीत सुनिश्चित होगी।सिंह ने कहा कि भोपाल को हॉकी की राजधानी कहा जाता है। यहां से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हॉकी ने सबसे अधिक गोल्ड मेडल दिलाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए फिट इंडिया मूवमेंट के बाद देश में खेल क्रांति आई है। ओलंपिक, वर्ल्ड गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। मंत्री सिंह ने युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे आयोजनों से बड़े खिलाड़ी निकलते हैं, जैसे हाल ही में मनु भाकर ने विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में खेल गतिविधियों, बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। शासकीय विद्यालयों में भी खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। आने वाले समय में मध्यप्रदेश खेलों के लिए एक आदर्श प्रदेश बनेगा।इस अवसर पर नेशनल स्कूल गेम्स के ऑब्जर्वर डॉ. मुकेश अग्रवाल, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मनीषा सेतिया, और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय अरविंद चोरगड़े भी उपस्थित रहे।

# कला साध्य भी है, आराध्य भी है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 का किया शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को एनसीईआरटी परिसर भोपाल के कला मंडपम में संस्कृति और कला के अनूठे संगम राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर भव्य आयोजन की शुरुआत की। कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक कला सामंजस्य का सुंदर समावेश किया गया है। राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 सोमवार 6 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कला हमारे समाज, हमारी संस्कृति का प्रतिबिंब है। इसे बढ़ावा देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कला एक साधना और कलाकार एक साधक है। कला साध्य भी है और आराध्य भी है। कला ही समाज को अलंकृत करती है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कलाकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं को हर संभव समर्थन देने की बात कही और कला के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 64 कलाओं और 14 विधाओं में निपुण थे। वे ललित कलाओं में पारंगत थे। वे रागी थे, अनुरागी थे, धर्म की स्थापना के लिए इस धरा पर आये परम योगी थे। यौगिक क्रियाओं के प्रवर्तक श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में योगिराज थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनेकता से एकता भारत की विशेषता है। हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर नाज़ करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 से प्रारंभ किया गया यह एक अनूठा



कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को विकसित करना और भारतीय कला एवं शिल्प की धरोहर को संरक्षित तथा यथावत रखना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा को विद्यार्थियों में प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के माध्यम से कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल देती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय कला एवं संस्कृति का संवर्धन न केवल राष्ट्र, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए भी महत्वपूर्ण है। कला एवं संस्कृति विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और नैतिकता की भावना को विकसित करती है, जिससे वे मशीनी होने की अपेक्षा संवदेनशील मनुष्य बन पाते हैं। कला की कोई भी विधा हो, यह अधिगम का एक सशक्त माध्यम है। कला चाहे नृत्य हो, गायन हो, वादन हो, चित्रण हो, शिल्पकला या अन्य कोई भी विधा हो अथवा स्थानीय/पारम्परिक खेल-खिलौने हों, ये सभी विधाएं विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, वैचारिक, सामाजिक, भावनात्मक और व्यावहारिक विकास में वृद्धि करती हैं। कला उत्सव, हमारे विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ वे संपूर्ण भारत के सांस्कृतिक रूप को समग्रता में अनुभव कर सकते हैं। कला उत्सव में अलग-अलग राज्यों से जुड़े छात्र-छात्राओं का परस्पर संवाद उन्हें संपूर्ण भारत से जुड़ाव की अनुभूति कराता है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने देश के विभिन्न अंचलों से आये बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कला उत्सव बाल कलाकारों को उनकी प्रतिभा की अभिव्यक्ति/प्रदर्शन का मंच प्रदान करता है। उन्होंने आल्हादित होकर कहा कि आज हमारे बच्चे ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशल, संस्कृति से जुड़कर अपनी मेधा से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। बाल कलाकार अपनी कला को ओर अधिक निखारें। पूरा क्षितिज उनका है, भविष्य उन्हीं का है। केन्द्रीय शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आनंदराव विष्णु पाटिल ने बताया कि विकसित भारत अभियान एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल मंशा के लिये इस कला उत्सव का यह 10वां संस्करण है।

## निजी स्कूल तीन साल तक नहीं बदल सकेंगे ड्रेस, किताबों की सूची 15 तक चस्पा करनी होगी

भोपाल, (आरएनएस)। अब राजधानी के प्राइवेट स्कूलों को 15 जनवरी तक किताबों की सूची सार्वजनिक करनी होगी। इसके अलावा स्कूल तीन शैक्षणिक सत्र तक यूनिफॉर्म नहीं बदल सकेंगे।




यूनिफ ॉर्म या किताबों को विशेष दुकान से खरीदने के लिए पढने् वाले बच्चों को उनके द्वारा बताई गई विशेष दुकान से ही पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म तथा अन्य शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। इतना ही नहीं, कई स्कूलों द्वारा तो खुद ही पुस्तकें, यूनिफॉर्म तथा अन्य शिक्षण सामग्री बेचने की शिकायतें भी मिलती हैं। इस तरह की पैरेंट्स पर दबाव बनाने पर संबंधित स्कूल संचालकों के खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गत दिवस आदशा जारी कर दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही कई अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा स्कूल में गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिले में संचालित सभी बोर्ड से संबंधित प्राइवेट स्कूलों को मप्र राजपत्र दो दिसम्बर 2020, स्कूल शिक्षा विभाग में उल्लेखित निर्देशों का पालन करना होगा। इधर, निर्णय का पैरेंट्स ने स्वागत किया है, लेकिन उनका कहना है कि इस पर सख्ती से अमल हो।




उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंत्रालय परिसर स्थित पार्क में मध्यप्रदेश मंत्रालयीन सेवा वर्ष 2024 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों के विदाई समारोह में शामिल हुए

## निगम के वार्ड कार्यालयों में भी बनेंगे आयुष्मान कार्ड

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम, भोपाल के वार्ड स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह संजीवनी क्लीनिक/स्वास्थ्य केन्द्रों के अतिरिक्त अपने नजदीकि वार्ड कार्यालय में वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर पात्रता अनुसार आयुष्मान कार्ड बनवाए। आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही संजीवनी क्लीनिक/स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने हेतु अब नगर निगम, भोपाल के वार्ड स्तर पर भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदाय की जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राही अपना आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अपने नजदीकी वार्ड कार्यालय में वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।

## मंत्री श्री सारंग ने करोंद स्थित निर्माणाधीन सीएम राइज़ स्कूल का किया निरीक्षण

### निर्माण कार्य में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

भोपाल(आरएनएस)। सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को करोंद स्थित निर्माणाधीन सरदार पटेल सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाई जाए और निर्माण में पायी गई कमियों को शीघ्र दूर किया जाए। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### मंत्री को जवाब नहीं दे सके अधिकारी

मंत्री श्री सारंग ने स्कूल के डिज़ाइन और क्लॉस-रूम के स्पेस को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों की संख्या के अनुसार पर्याप्त स्थान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूल के मुख्य भवन में बने कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। कॉरिडोर की चौड़ाई बच्चों की संख्या के लिहाज से कम होने पर उन्होंने निर्देश दिये कि कॉरिडोर के पास बनी असेंबली एरिया को बंद करने के बजाय खुला रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों को पर्याप्त स्थान मिल सके।

### फायर सेफ्टी और सुरक्षा पर जोर

मंत्री श्री सारंग ने स्कूल निर्माण में फायर सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और तय मानकानुसार फायर सेफ्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए इसे शीघ्र पूरा किया जाए।सरदार पटेल सीएम राइज स्कूल का निर्माण लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह स्कूल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे विद्यार्थियों को एक समृद्ध और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिसर में 34 क्लॉस-रूम, लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेस रूम, किचन स्टोर सहित डायनिंग हॉल, 5 लेब, स्टॉफ रूम सहित विभिन्न सुविधाएँ विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध होंगी।

## आयुष्मान से संबंध निजी अस्पतालों में भी मरीज अब ले सकेंगे ऑनलाइन अपाइंटमेंट की सुविधा




भोपाल (आरएनएस)। सरकारी अस्पालों की तरह आयुष्मान भारत योजना से संबंद्ध प्राइवेट अस्पतालों में भी एडवांस ओपीडी अपाइंटमेंट सेवा शुरु की जा रही है। इससे मरीजों के समय की बचत होगी और जल्द इलाज मिल सकेगा। इसको लेकर सीएमएचओ कार्यालय द्वारा गुरुवार को आयुष्मान भारत निरामय हेल्पलाइन सेवा की कार्यशाला जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई। इसमें आयुष्मान योजना से संबद्ध निजी अस्पताल शाामिल हुए। इसमें हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18002332085 पर घर बैठे ही ऑनलाइन अपाइंटमेंट पर फोन कर मरीज द्वारा अपने निवास स्थान या वर्तमान लोकेशन बताई जाती है। लोकेशन के आधार पर हेल्पलाइन द्वारा नजदीकी अस्पताल के विकल्पों के सुझाव दिए जाते हैं। इसके बाद मरीज द्वारा बताए गए अस्पताल एवं समय के अनुसार अपाइंटमेंट सुनिश्चित किया जाता है।

## सम्भावना क्लीनिक में अनिश्चितकालीन धरने का दूसरा दिन, गैस त्रासदी पीड़ित भी धरने पर




भोपाल (आरएनएस)। भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के लिए बने सम्भावना ट्रस्ट के मरीजों और कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन धरने में अब पीड़ितों के संगठनों के नेता भी शामिल हो गए हैं। गुरुवार को यूनियन कार्बाइड जहर पीड़ित इलाज अधिकार मोर्चा ने सम्भावना ट्रस्ट क्लिनिक के परिसर में धरना दिया। भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा भी इसमें शामिल रहा। फंड की कमी का हवाला देते हुए 1 जनवरी से ट्रस्ट ने क्लिनिक बंद कर दिया। इसमें 37 हजार गैस पीड़ित रजिस्टर्ड हैं। ट्रस्ट का कहना है कि उनका रजिस्ट्रेशन गलत तरीके से रद्द कर दिया गया। इसके रिन्यूअल की फाइल एफसीआरए (फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट) के पास अटकी है। इससे उन्हें विदेशी फंड नहीं मिल रहा। पीड़ितों के इलाज में समस्या आ रही है।

भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव, इलाज अधिकार मोर्चा के समर्थन में धरने में शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'यह संघर्ष केवल सम्भावना के मरीजों और कर्मचारियों का नहीं है, बल्कि यह भोपाल में यूनियन कार्बाइड के जहर से पीड़ित सभी लोगों का संघर्ष है।'उन्होंने कहा, 'पिछले 28 साल में सम्भावना क्लिनिक के काम ने न केवल हादसे की वजह से बीमार लोगों को स्थाई राहत प्रदान की है, बल्कि गैस पीड़ितों में देर से प्रकट होने वाली बीमारियों और पीड़ितों की अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य पर जहरीली गैस के दुष्प्रभाव को भी उजागर किया है।'सम्भावना क्लिनिक को पर्याप्त फंड के साथ फिर से शुरू कराने के लिए कर्मचारियों के साथ मरीज भी धरने पर बैठे हैं। 27 साल से क्लिनिक में इलाज करा रहीं रुखसाना ने कहा, 'सम्भावना क्लिनिक में हमारे साथ प्यार और सम्मान से व्यवहार किया जाता है, जबकि सरकारी अस्पतालों में इससे बिल्कुल अलग होता है।' उन्होंने कहा, 'सम्भावना क्लिनिक कल से बंद है। यह भोपाल हादसे के पीड़ितों के लिए प्रभावी इलाज का एकमात्र स्थान है।' सम्भावना ट्रस्ट के कर्मचारियों का कहना है क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन अक्टूबर 2019 में गलत तरीके से रद्द कर दिया गया था। इस वजह से उन्हें विदेशी फंड नहीं आ रहा। ट्रस्ट के कर्मचारी सतीनाथ षड़ंगी ने बताया कि सम्भावना ट्रस्ट ने 2 फरवरी, 2023 को एफसीआरए के तहत दोबारा रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन दायर किया था। गृह मंत्रालय पोर्टल 90 दिन के अंदर आवेदन पर निर्णय लेने का वादा करता है। हालांकि, लगभग दो साल हो गए हैं और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने अभी तक सम्भावना के आवेदन पर निर्णय नहीं लिया है।

## मध्य प्रदेश में अब 7.52 प्रतिशत तक महंगी हो सकती है बिजली



भोपाल,(आरएनएस)। बिजली कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7.52 प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग के समक्ष पेश किया है। प्रस्ताव मंजूर होने पर 150-300 यूनिट खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताआं पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। उन्हें प्रति बिल 168 रुपए देना होगा। स्लैब में बदलाव के तहत 300 यूनिट से अधिक खपत वाला स्लैब समाप्त करने का प्रस्ताव है। याचिका पर आपत्तियां 24 जनवरी तक मांगी गई हैं। ऑनलाइन जनसुनवाई 11 फरवरी को इंदौर, 13 फरवरी को जबलपुर और 14 फरवरी को भोपाल में होगी। टैरिफआदेश 31 मार्च तक जारी होना अनिवार्य है। किस स्लैब में किनी बढ़ोतरी का प्रस्ताव - 50 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 4.27, प्रस्तावित दर 4.59 बढ़ोतरी 32 पैसे/यूनिट, 51 से 150 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 5.23, प्रस्तावित दर 5.62 बढ़ोतरी 39 पैसे/यूनिट, 150 से 300 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 6.61, प्रस्तावित दर 7.11 बढ़ोतरी 50 पैसे/यूनिट और 300 यूनिट से ज्यादा स्लैब, वर्तमान दर रुपये 6.80, प्रस्तावित दर 7.11 बढ़ोतरी 31 पैसे/यूनिट तय की गई है।

### निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जहांगीराबाद क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि मुक्त कराई

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जहांगीराबाद शब्बन चौराहा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किए गए अतिक्रमण कर लगाई गई अस्थायी दुकानों/ठेलों आदि को हटाया और हाथ ठेले, तखत व अन्य सामग्री जप्त की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दल ने जोन क्र. 07 के अंतर्गत वार्ड क्र. 34 के शब्बन चौराहा जहांगीराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से शासकीय भूमि पर ठेले, तखत आदि लगाकर व्यवसाय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाया और शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए 04 ठेले, 02 तखत सहित अन्य प्रकार की सामग्री जप्त की।

### 57वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी आज से जनजातीय संग्रहालय में भील समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री रीता भूरिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 जनवरी, 2025 से भील समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री रीता भूरिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 57वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 जनवरी, 2025 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी।युवा भीली चित्रकार रीता भूरिया का जन्म भोपाल (मध्यप्रदेश) में हुआ। आपके पिता श्री विजय भूरिया निजी क्षेत्र में नौकरी करते हैं एवं माता श्रीमती शांता भूरिया भी भीली चित्रकला में जाना-पहचाना नाम हैं। प्रख्यात भीली चित्रकार पद्मश्री भूरीबाई की नातिन होकर चित्रकला का हुनर आपको विरासत से हासिल हुआ है। सुश्री रीता ने विज्ञान विषय में स्नातक तक की शिक्षा हासिल की है। उन्हें चित्रकला का शौक बचपन से ही रहा है। बैंगलोर, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरों में आयोजित कुछेक एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है। उनके चित्रों में जंगली पशु-पक्षी और प्रकृति विशेषतौर पर दृष्टव्य होते हैं। अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सुश्री रीता अपनी कला-गुरु अर्थात् अपनी नानी श्रीमती भूरीबाई को देती हैं, जिनकी सतत् प्रेरणा और मार्गदर्शन ने आपकी चित्रकला को सुघड़ बनाया।

## शासकीय शिक्षक ने की छात्रा से छेड़छाड़

सागर(आरएनएस)। रहली थाना क्षेत्र में शासकीय स्कूल के शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। छात्रा घर के पास बनी दुकान पर नमकीन लेने गई थी। तभी रास्ते में शिक्षक ने हाथ पकड़ लिया। जिसका विरोध किया तो आरोपी शिक्षक मौके से भाग गया। मामले में छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार, रहली निवासी नाबालिग छात्रा ने चाचा के साथ आकर थाने में शिकायत की। शिकायत मैं छात्रा ने बताया कि वह गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे घर के पास दुकान पर नमकीन लेने के लिए गई थी। नमकीन लेकर वापस घर लौट रही थी। तभी रास्ते में शिक्षक हरेंद्र ठाकुर मिले जो गढ़ाकोटा के शासकीय स्कूल में पदस्थ हैं। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ लिया और बोले कि मेरे साथ चलो। मैंने शोर मचाया तो आवाज सुन चाचा मौके पर आ गए। जहां शिक्षक का विरोध किया तो वह बोला कि मेरा कुछ नहीं कर सकते हो। जिसके बाद शिक्षक मौके से भाग गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। रहली थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि नाबालिग की शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी शिक्षक फरार है। जिसकी पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं।

## अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर के नीचे दबा मजदूर

शहडोल, (आरएनएस)। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के भाटीगवा गांव में बूंदी नदी के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। नदी से रेत लोड कर निकलता ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इस कारण ट्राली पर बैठा मजदूर घुनु बर्मन नीचे गिरकर पहिए के नीचे आ गया। इस कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर रोका और अन्य मजदूरों के साथ मृतक को निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की विवेचना शुरु की। ट्रैक्टर चालक और उकसे मालिक की तलाश की जा रही है।

## राज्यमंत्री बागरी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया

ओंकारेश्वर/खंडवा (आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गुरुवार को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ममलेश्वर मन्दिर के भी दर्शन किए। राज्यमंत्री बागरी ने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने माँ नर्मदा के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर माँ नर्मदा को प्रणाम किया। राज्यमंत्री बागरी को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट की ओर से नगर परिषद ओंकारेश्वर के उपाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित ने बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने ओंकार पर्वत पर स्थापित आदि शंकराचार्य की मूर्ति का अवलोकन भी किया।राज्यमंत्री बागरी ने ओंकारेश्वर में ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने वेस्ट मटेरियल से बनाए जा रहे सोफा, डाइनिंग टेबल, कुर्सी आदि सामग्री का अवलोकन किया और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किस तरह वेस्ट मटेरियल को अलग-अलग विभाजित करके इसका उपयोग करके बेस्ट मटेरियल बनाया जा रहा है, यह एक अच्छी पहल है। राज्यमंत्री बागरी ने ओंकारेश्वर में ब्लेक स्पॉट के सौंदर्यकरण का भी निरीक्षण किया।

## जन-कल्याण अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित पात्र हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित




टीकमगढ़ (आरएनएस)। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में टीकमगढ़ जिले में भी मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में आज टीकमगढ़ विकासखंड के ग्राम करमारई, हैदरपुर, सुन्दरपुर एवं श्रीनगर, बल्देवगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरार, चंदेरीखास एवं कैलपुरा, जतारा विकासखंड के ग्राम पंचमपुरा, दरगांयकला, मोहनगढ़, वर्माडांग, लुहरगुंवा, बम्हौरीखास, बरानाखास, चंदेरा, गोटेट, फतेह का खिरक, बैरवार, मचौरा, कुवंरपुरा, मड़खेरा, चन्द्रपुरा, हृदयनगर एवं मरगुंवा तथा पलेरा विकासखंड के ग्राम उपरारा, मडोरी, कंजना एवं बैंडरी में शिविरों का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका टीकमगढ़ के बार्ड नं. 9, नगर परिषद कारी बार्ड नं. 8 तथा नगर परिषद बड़ागांव, बल्देवगढ़, खरगापुर, लिधौरा, जतारा में वार्ड नं. 9 एवं नगर परिषद पलेरा के वार्ड नं. 10 में शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, मौत

जबलपुर(आरएनएस)। जबलपुर-मंडला रोड पर गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को रौंद दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक सब्जी विक्रेता की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना गोरा बाजार थाना के बिलहरी के पास उस समय हुई, जब शराब के नशे में धुत कार चालक जबलपुर से कजरवारा तरफ जा रहा था। मृतका सब्जी खरीदकर सड़क पार कर रही थी।एक्सीडेंट की जानकारी मिलते ही गोरा बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं सब्जी विक्रेता की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर खमरिया थाना के ग्राम घाना में रहने वाले शुभम बरसे और उसकी साथी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार दोपहर कार क्रमांक एमपी-20 जेडएफ 4272 का चालक शुभम बरसे अपने एक साथी शुभम कुमार के साथ घाना से बरेला तरफ जा रहा था। गोरा बाजार थाने से आगे बिलहरी निवासी महिला दुर्गा रजक सब्जी खरीदने के बाद सड़क पार कर रही थी। इस दौरान शराब के नशे में धुत कार चालक ने महिला को टक्कर मार दी। इसके बाद बेकाबू कार सब्जी विक्रेता को टक्कर मारते हुए दीवार से जा टकराई। कार के एयर बैग खुलने से कार सवार दोनों युवकों को चोट नहीं आई। हादसे के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। इधर घटनास्थल के पास मौजूद लोगों ने बुजुर्ग महिला दुर्गा और सब्जी विक्रेता को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटनाग्रस्त कार पर भारत सरकार लिखा हुआ है। बताया यह भी जा रहा है कि कार किसी केंद्रीय संस्थान में अटैच है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही, गोरा बाजार थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, और अर्टिगा कार को क्रेन की मदद से जब्त कर थाने लाया गया।




## जन्मदिन का जश्न मना रहे युवक की घर में घुसकर हत्या

जबलपुर(आरएनएस)। नए साल के पहले दिन अपना जन्मदिन का जश्न मना रहे युवक की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। वह केक काटकर दोस्तों के साथ अपने घर की छत पर डांस कर रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे दो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली युवक के सीने और पीठ में लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आरोपी ने जन्मदिन के दिन ही हत्या करने की ठानी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।घटना हनुमानताल थाना क्षेत्र के मोहरिया में 1 जनवरी की रात की है। समीर मंसूरी (25) अपना जन्मदिन मना रहा था। साथ में उसके दोस्त भी थे। वे छत पर डांस कर रहे थे। तभी आधारताल क्षेत्र के रहने वाले दो युवक सैफू और आरिफ वहां पहुंचे। उन्होंने बिना कुछ कहे 6 राउंड फायरिंग की। गोली लगने के बाद समीर वहीं गिर पड़ा।समीर के दोस्तों ने उसे पहले जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रात में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमानताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

## जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर किये जा रहे है आयोजित

### जिले के ग्राम टिनोनिया, जामगोद, पिपलपाटी में शिविर आयोजित कर नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिया




देवास (आरएनएस) । प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए भारत सरकार एवं राज्य शासन की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं चिन्हित सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में ग्राम टिनोनिया, जामगोद, पिपलपाटी सहित अन्य ग्रामों में शिविर का आयोजन हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया गया। इसी प्रकार नगर परिषदों में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 06 जनवरी को

इन्दौर(आरएनएस)। इंदौर जिले के बेरोजगार आवेदकों को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय (युवा संगम) रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेले का आयोजन 06 जनवरी 2025 सोमवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर के साथ-साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रकिया के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

**व्यापार समाचार**

# सोने की कीमतों ने फिर खाई पलटी, घट गये दाम



मुंबई (आरएनएस)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने की कीमतें लाल निशान पर ट्रेड करती दिखाई दी। घरेलू बाजार में भी सोना गिरावट के साथ ट्रेड करता दिखा। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 5 फरवरी 2025 की डिलीवरी वाला सोना 0.02 फीसदी या 17 रुपये की गिरावट के साथ 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत बढ़त के साथ बंद हुई थी। सोना हाजिर 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया था।

**चांदी में गिरावट**

सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी के घरेलू वायदा भाव लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुरुआती कारोबार में 5 मार्च 2025 की डिलीवरी वाली चांदी 0.23 फीसदी या 204 रुपये की गिरावट के साथ 88,969 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। इससे पहले गुरुवार को हाजिर बाजार में चांदी 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**सोने का वैश्विक भाव**

सोने की वैश्विक कीमतों में शुक्रवार सुबह तेजी देखी जा रही है। कमोडिटी मार्केट (कॉमेक्स) पर सोने का वैश्विक भाव 0.14 फीसदी या 3.80 डॉलर की बढ़त के साथ 2,672.80 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, गोल्ड स्पॉट 0.01 फीसदी या 0.34 डॉलर की बढ़त के साथ 2,658.24 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

**चांदी के वैश्विक भाव**

चांदी की वैश्विक कीमतों में तेजी देखने को मिली है। कॉमेक्स पर चांदी का भाव 0.20 फीसदी या 0.06 डॉलर की बढ़त के साथ 29.96 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, सिल्वर स्पॉट इस समय 0.02 फीसदी या 0.01 डॉलर की तेजी के साथ 29.57 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

## *केंद्र सरकार डब्ल्यूपीआई में करेगी बदलाव, बनाया वर्किंग ग्रुप*

*नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार द्वारा गुरुवार को ऐलान किया गया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की वर्तमान सीरीज के आधार को 2011-12 से 2022-23 तक संशोधित करने के लिए नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद की अध्यक्षता में एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है।*

*वर्किंग ग्रुप को अपनी अंतिम रिपोर्ट आर्थिक सलाहकार के ऑफिस को 18 महीने के अंदर जमा करने को कहा गया है।*

*वर्किंग ग्रुप के सदस्यों में आरबीआई, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग, सांख्यिकी मंत्रालय, उपभोक्ता मामलों के विभाग, कृषि विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष को भी इसका सदस्य नियुक्त किया गया है।गैर-आधिकारिक सदस्यों में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य शमिका रवि, क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी, कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट के एमडी नीलेश शाह और बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच के सह-प्रमुख एवं अर्थशास्त्री इंद्रनील सेनगुप्ता शामिल हैं। वर्किंग ग्रुप अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तनों के संदर्भ में आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्लूपीआई और पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) की कमोडिटी बास्केट के लिए सुझाव जैसे विषयों पर भी कार्य करेगा।*

## केंद्र सरकार ने फेम-2 स्कीम के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए दिया इंसेंटिव



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दर को बढ़ाने के लिए लाई गई फेम-2 स्कीम के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को इंसेंटिव दिया गया है।

इसमें 14.27 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, 1.59 लाख इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन, 22,548 इलेक्ट्रिक गाड़ियां और 5,131 ई-बस शामिल है।

इसके अतिरिक्त, 10,985 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 8,812 स्थापना के लिए आवंटित भी कर दिए गए हैं।भारी उद्योग मंत्रालय ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2024 तक, कुल 8,844 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें से 6,577 करोड़ रुपये की सब्सिडी, 2,244 करोड़ रुपये कैपिटल एसेट्स पर और 23 करोड़ रुपये अन्य मदों पर खर्च किए गए हैं।

इस योजना में चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम भी शामिल है और इससे महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों को भी समर्थन मिला है, जैसे कि ईवी पर जीएसटी को कम करना और राज्य ईवी नीतियों को सक्षम बनाना।

योजना के पहले चरण को शुरू में दो साल की अवधि के लिए मंजूरी दी गई थी, जो 1 अप्रैल, 2015 से शुरू हुई थी।

योजना के सफल कार्यान्वयन के बाद, दूसरे चरण फेम- 2 को 2019 में 11,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था, जिससे दो, तीन, चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों सहित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके।

कुल मिलाकर, देश में अब तक ईवी के लिए 25,202 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। कर्नाटक 5,765 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 और उत्तर प्रदेश 1,989 के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

## एनवीडिया बनी बीते साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप हासिल करने वाली कंपनी

मुंबई (आरएनएस)। एआई चिप विनिर्माता अमेरिकी कंपनी एनवीडिया पिछले साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप पाने वाली कंपनी बनी। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 170 फीसदी तेजी रही और उसके मार्केट कैप में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। यह दुनिया के सबसे बड़े अमीर एलन मस्क की नेटवर्थ (415 अरब डॉलर) से करीब पांच गुना है। एप्पल के बाद एनवीडिया दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में दुनिया की बढ़ रही दिलचस्पी और विभिन्न इंडस्ट्रीज में एआई सेंट्रिक चिप्स की बढ़ती मांग से एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी दिखाई दे रही है। 2023 के अंत में कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.2 ट्रिलियन डॉलर थी जो 2024 के अंत में 3.28 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। 2023 में कंपनी का शेयर 240 प्रतिशत का उछला था।

इस बीच एप्पल दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी रही। इसका मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है। कंपनी ने एआई पर फोकस किया है, इससे उसकी बिक्री में आगे तेजी आने की उम्मीद है। इसकारण कंपनी में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। 2024 के अंत में माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी वैल्यूबल कंपनी रही जबकि गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजॉन की वैल्यू करीब 2.3 ट्रिलियन डॉलर रही। सऊदी अरामको, फेसबुक, टेस्ला, ब्रॉडकॉम और टीएसएमसी टॉप 10 में शामिल रहीं।झ भारत की मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए पिछला साल अच्छा नहीं रहा। 10 साल में पहली बार कंपनी के शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया और दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 68वें नंबर पर पहुंच गई थी।

## 2025 में तेजी से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था, बेहतर रहेंगे तीसरी तिमाही के नतीजे!




नई दिल्ली (आरएनएस)। वर्ष 2025 की शुरुआत के साथ ही अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यभार संभालने से पहले दुनिया में अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है, लेकिन, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में बताया गया कि जीएसटी संग्रह, सर्विस परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), एयर पैसेंजर ग्रोथ और वाहनों का पंजीकरण में वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत वद्धि देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तरफ चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार धीमी होती जा रही है और प्रशासन के लिए घरेलू खपत बढ़ाना और रियल एस्टेट सेक्टर को फिर से वृद्धि की ओर ले जाना एक चुनौती बन गया है।


अमेरिकी अर्थव्यवस्था विकास के बारे में मिश्रित संकेत दे रही है। श्रम बाजार में नरमी दिख रही है और मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। खुदरा बिक्री, आवास बिक्री और सेवा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यूरोप में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों ने अभी तक गति नहीं पकड़ी है। वहीं सेवा क्षेत्र फिर से अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

भारत में चालू खाता घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 1.2 प्रतिशत तक कम हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह जीडीपी के 1.3 प्रतिशत के बराबर था।

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा, पिछले वर्ष व्यापार घाटा अधिक था, सेवाओं के निर्यात में तेजी के साथ-साथ रेमिटेंस में निरंतर मजबूती ने चालू खाते घाटे को कम किया है। हमारे साल के अंत के बाजार विश्लेषण से पता चलता है कि सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों ने कैलेंडर वर्ष 24 में 8.7 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सेंसेक्स ने इस साल का नया ऑल टाइम हाई बनाया और 85,500 का आंकड़ा पार कर गया।

## मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए

मुंबई (ए.)। मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकार रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, अन्य सेवाओं (अन्य सर्विस) में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दिखाता है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखता है, बल्कि घरेलू मूल्य श्रृंखला (डोमेस्टिक वैल्यू चेन) में अपनी भूमिका को मजबूत कर वस्तुओं और सेवाओं की सप्लाई करता है।



# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे

*रोहित शर्मा और खुद उनके बयानों से स्पष्ट है कि रविचंद्रन अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। संभवत: संकेत यह था कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है।कोई बड़ा खिलाड़ी किसी बड़ी टेस्ट श्रृंखला के बीच तुरंत रिटायर होने का एलान करे, तो उसे अवकाश लेने की सामान्य प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। बड़े खिलाडि़यों की विदाई अक्सर नियोजित ढंग से और स–सम्मान होती है। इसलिए रविचंद्रन अश्विन ने जिस तरह भारत– ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज के बीच तुरंत रिटायरमेंट का एलान किया, लाजिमी है कि उस पर कयास लगाए जाएंगे। इसे संकेत माना जाएगा कि भारतीय क्रिकेट के प्रशासन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे हैं। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है।भारत के पूरे क्रिकेट इतिहास में अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट विकेट लेने के लिहाज से वे दूसरे नंबर पर (537) हैं। अपने छह टेस्ट शतकों के साथ दुनिया के टॉप स्पिनरों में बतौर बल्लेबाज वे पहले नंबर पर हैं। 13 साल तक चले टेस्ट करियर के दौरान 106 मैचों में उन्होंने 37 बार एक पारी में पांच और आठ बार मैच में दस विकेट उन्होंने लिए। भारत की अनुकूल पिचों पर उन्हें खेलना किसी विदेशी टीम के लिए बड़ी चुनौती बना रहा। अब कप्तान रोहित शर्मा और खुद अश्विन के बयानों से स्पष्ट है कि 38 वर्षीय अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। इस सीरिज में अब तक हुए तीन मैचों में उन्हें सिर्फ एक में खेलाया गया। संभवत- संकेत यह था कि अगले दो मैचों में भी उनकी जगह पक्की नहीं है। ऐसे में यह मानने के बावजूद कि उनमें अभी धार बाकी है, उन्होंने तुरंत अवकाश लेने का एलान कर दिया। बड़े खिलाडि़यों को उनके नाम के आधार ढोया जाए, यह किसी का तर्क नहीं हो सकता। लेकिन खिलाडि़यों को गाइड करने और उन्हें सीधे उचित सलाह देने का सिस्टम जरूर मौजूद होना चाहिए। इसके लिए स्वस्थ संवाद की जरूरत है। लेकिन हालिया संकेत यही हैं कि भारतीय क्रिकेट संचालन में सीधा संवाद गायब है। विराट कोहली को जिस तरह कप्तानी से हटाया गया और उसके बाद से टीम का जैसा डगमग हाल है, उसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी शायद इसी पहलू की है।*




*विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक के दौरान.*

# सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2024 में लिखा नया अध्याय

**–पंकज मित्तल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों के फलस्वरुप वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में नया अध्याय लिखा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के नदी जोड़ो के सपने को साकार करते हुए प्रदेश में देश की दो बड़ी अति महत्वाकांक्षी एवं बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनों का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 17 दिसंबर को जयपुर में पार्वती– कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केन्द्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। केन–बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे पहली और बड़ी सिंचाई परियोजना है।



मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसे सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की रहती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के नेतृत्व में प्रदेश के जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से मध्य–प्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। किसान पहले दो फसल ले पाते थे, अब तीसरी फसल भी लेने लगे हैं। साथ ही कृषि उत्पादन में भी वृध्दि हुई है। प्रदेश की धरती सुजलाम सुफलाम हो रही है।

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025–26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028–29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024–25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी

पार्वती–कालीसिंध–चंबल नदी लिंक परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की होगी। इस परियोजना से प्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाईं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के 1205 ग्रामों में 03 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। पार्वती–कालीसिंध–चंबल नदी लिंक परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दोनों राज्यों के किसानों और नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और विकास के नये द्वार खुलेंगे। परियोजना से दोनों राज्यों में समृद्धि आयेगी। परियोजना से मिलने वाले जल से किसान अपनी उपज को दोगुना कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार के साथ प्रदेश भी समृद्ध होगा। पार्वती–कालीसिंध–चंबल नदी लिंक परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रूपये व्यय करेगा। केन्द्र की इस योजना में कुल लागत का 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश रहेगा। परियोजना की कुल जल भराव क्षमता 1908.83 घन मीटर होगी। साथ ही 172 मिलियन घन मीटर जल, पेयजल और उद्योगों के लिये आरक्षित रहेगा। परियोजना अंतर्गत 21 बांध/बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दोनों राज्यों के किसानों और नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और विकास के नये द्वार खुलेंगे। परियोजना से दोनों राज्यों में समृद्धि आयेगी। परियोजना से मिलने वाले जल से किसान अपनी उपज को दोगुना कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार के साथ प्रदेश भी समृद्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रूपये व्यय करेगा। केन्द्र की इस योजना में कुल लागत का 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश रहेगा। परियोजना की कुल जल भराव क्षमता 1908.83 घन मीटर होगी। साथ ही 172 मिलियन घन मीटर जल, पेयजल और उद्योगों के लिये आरक्षित रहेगा। परियोजना अंतर्गत 21 बांध/बैराज निर्मित किये जाएंगे।प्रदेश में पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजना निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में 1320 करोड रुपए की लागत वाली चितरंगी दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। इस परियोजना से सिंगरौली जिले में 32125 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा।

# अब सम्मान नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य

**श्रुति व्यास**

अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में झूठ बोलकर ही अपना नैरेटिव, सहानुभूति और जनसमर्थन चाहिए। हम बहुत भद्दे, गंदे समय में जी रहे हैं। एक बुरी तरह बंटे और कटे हुए समाज में जी रहे हैं। हर आदमी सही है और हर आदमी गलत है। जो हर एक मुद्दे पर हमसे सहमत नहीं हैं वो हमारे लिए बुरा बन जाता है। राजनीति ने हालात और खऱाब किए हैं। लोगों को बांट दिया है, धुव्रीकृत कर दिया है। नेता अब विचारधारा के आधार पर नहीं चुने जाते है। हम किसी पार्टी को इसलिए वोट नहीं देते है क्योंकि हमें उस पर भरोसा है। बल्कि हम उसे इसलिए वोट देते हैं क्योंकि हम उसकी विरोधी पार्टी से डरते हैं या नफरत करते हैं। हम किसी को पसंद नहीं करते, हम उसके प्रतिद्वंदी को नापसंद करते है। तभी बंटे हुए समाज में, इस ध्रुवीकरण से लोकलुभावन बातें बेइंतहा बढ़ गई है। सारी दुनिया में मुख्यधारा के अधिकांश राजनेता अब वोट हासिल करने और लोगों को भावनात्मक रूप से अपने से जोडने के लिए एक ही राग अपनाएं हुए है कि वे आम आदमी के पक्षधर हैं और कुलीनों, बड़े लोगों के विरोधी हैं। लोक लुभावन बातें सिर्फ दलगत राजनीति तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक संवादों में लोकलुभावनवाद का प्रयोग मुख्यत: सत्ता–विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है, इस नजरिए को पेश करने के लिए किया जाता है कि कुलीन भ्रष्ट हैं। यह धारणा इस हद तक बढ़ चुकी है कि कुलीन वर्ग ' – जिसमें पढे–लिखे, अध्येता और पत्रकार भी शामिल हैं – ने इसे स्वीकार लिया है। नियति मान लिया है कि अब ऐसे ही चलेगा। यह हमारी रोजमर्रा की चर्चाओं में शामिल हो चुका है। यह सब मान चुके हैं कि कुलीन, बौद्धिक वर्ग भ्रष्ट है और आम लोगों के कॉमनसेंस, सहज समझदारी की चिंता नहीं करता। पिछले तीन–चार दिनों में – पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहावसान के बाद से – यह विभाजन साफ तौर पर दिखलाया दिया है। सोशल मीडिया विरोध और नफरत से भरा हुआ है। सब एक दूसरे की हर मुद्दे पर खिलाफत कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा दोनों शामिल हैं। पुराने, एक सेकंड लम्बे वीडियो खोद निकाल पोस्ट किए जा रहे हैं ताकि गुस्सा भड़के। पार्टियों के ट्रोल योद्धा जोरशोर से ऐसी चीज़ें पोस्ट कर रहे हैं जिससे नफरत और बढ़ रही है। विरोधी भावनाएं' उफान पर हैं। विरासतों को कलंकित किया रहा है। प्राण त्याग चुके व्यक्ति की आत्मा को बार–बार यातना दी जा रही है – एक के बाद एक ट्वीट करके, मौके पर चौका मारने के लिए और इतिहास पर पर्दा डाला जा रहा है। मैं यह नहीं समझ पा रही हूँ भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव – विशेषकर देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की मृत्यु से जुड़े हुए नैरेटिव – से भला किस तरह उसे आगे राजनैतिक, चुनावी लाभ हासिल होगा या पार्टी की इमेज चमकाई जा सकती है? लेकिन जब सत्ता पाना, उसके इस्तेमाल करने, से अधिक महत्वपूर्ण होता है तब कुछ भी सही या गलत नहीं रह जाता। आज की राजनीति इस हद तक नफरत भरी हो गई है कि झूठ बोलने में लोगों को मज़ा आता है। राजनीतिज्ञ अपने विरोधियों को दानव साबित करने में जुटे हुए हैं, फिर चाहे वे इस दुनिया में हों या न हों। वे दूसरे पक्ष को भ्रष्ट, अतिवादी और बेईमान साबित करने के लिए बिना किसी झिझक के झूठ का सहारा ले रहे हैं। आखिरकार सच्चाई का सामना करने के लिए दमदार लीडरशीप की जरूरत होती है और राजनीति करने से आपको सदैव सबका सम्मान हासिल नहीं होता। डॉ. मनमोहन सिंह को हमेशा कड़वी अपमानजनक बातें सुननी पड़ीं लेकिन वे चुप्पी साधे रखने के अपने संकल्प से नहीं डिगे। उन्हें उनके कामों के लिए याद रखा जाएगा, उनका काम बोलेगा, यही उनका नजरिया रहा। और जो सहज बुद्धि' के पक्षधर हैं, वे सदैव उन्हें इसके लिए ही याद रखेंगे। शायद यही वजह है कि लुटियन्स दिल्ली के बहुत से बड़े क्लबों ने नए साल के जश्न के कार्यक्रम एक ऐसे नेता के सम्मान में रद्द कर दिए हैं जिन्हें भारत की अर्थव्यवस्था को आज़ादी दिलाने वाले सेनानी के नाते याद किया जाता है। लेकिन दौर बहुत घिनौना है। अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में हालात यह हैं कि झूठ बोलकर ही सहानुभूति, करूणा और जनसमर्थन हासिल करने का जुनून किया है; इतिहास और समाज को बदलने की कोशिश है। क्योंकि अब सम्मान हासिल करना नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य है।




मेष राशि– आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आपके आय के नए रास्ते बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान रहेगा। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कुछ निजी मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो आगे चलकर आपके काम आयेगा।

मिथुन राशि– आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे और एक–दूसरे को अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज किसी करीबी से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

कर्क राशि– आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। सेहत के लिए मॉर्निंग वाक आपके लिए फायदेमंद होगा इससे आपको ताजगी महसूस होगी। परिवार वालों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे, सभी लोग काफी खुश नजर आएंगे। आप अपने रुके हुए काम को भी पूरा करेंगे।

सिंह राशि– आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

कन्या राशि– आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए बड़े भाई से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में सपरिवार सम्मिलित होंगे। आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।सआज काम में सफलता मिलेगी।

तुला राशि– आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

वृश्चिक राशि– आज का दिन आपके लिये ठीक–ठाक रहेगा। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आज रुके हुए धन का आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे।

धनु राशि– आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी योजना सफल होगी। आपको पैसे की जरूरत होगी, वह आपको किसी करीबी से मिल जाएगा। आज की शाम दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जायेंगे।

मकर राशि– आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी अपने जीवन में न होने दें। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। अपने माता–पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

कुंभ राशि– आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज घर के कामों को करने के बाद महिलाएं फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी।

मीन राशि–आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लंबे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए बदलाव भी कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी। आज रिश्तेदारों के आगमन से घर का माहौल खुशनुमा बन जाएगा। घर में बदलाव संबंधी कुछ काम सुचारु रूप से होंगे, फर्नीचर आदि खरीदने का विचार बनायेंगे। मीडिया और ऑनलाइन माध्यम से आपको बिजनेस से संबंधित जानकारी मिलती रहेगी।

# वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

***निश्चित रूप से देश के छोटे-बड़े सभी करदाता वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा कर रहे हैं। यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन नये वर्ष में अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। पिछली 21 दिसम्बर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण और राहत संबंधी कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए कहा गया है कि ऋण शतरे का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर-मुक्त किया गया है। इस्तेमालशुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर 18 फीसद कर दी गई है।***

उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त, 2024 में आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वी. के. गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ा कर इसे विस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है।

समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम, 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रेत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रेत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने, सीमा शुल्क कानून की तरह ही यह समिति दरों की व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नये आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है, और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली है, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। वर्ष 2023–24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढ़ कर 10.45 लाख करोड़ रु पये का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023–24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही, मौजूदा वित्त वर्ष 2024–25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में भी सुधार हुआ है। ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2023–24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रु पये पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसद वृद्धि दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में अप्रैल से नवम्बर, 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसद बढ़ कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग–कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुत: कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी।

ऐसे में उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके। इसी प्रकार जीएसटी की जटिलताएं कम करके इसे अधिक सरल और कारगर बनाना होगा। नई टेक्नोलॉजी के उपयोग से जीएसटी अनुपालन जितना अधिक कारगर होगा, उतना ही अधिक जीएसटी संग्रह बढ़ाया जा सकेगा।

इसके अलावा, जीएसटी चोरी के खिलाफ सरकार द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जाना होगा क्योंकि कई कारोबारी फर्जी बिल के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावी बदलाव किए जाने होंगे। जीएसटी दरों को कम करने के साथ जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाना होगा। समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीदारी पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। क्विक कॉमर्स कंपनियों पर जीएसटी को लेकर निर्णय लिया जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और जमीन एवं रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। नि:संदेह ऐसे प्रयासों से सरकार को आयकर और जीएसटी की अधिक प्राप्ति हो सकेगी। देश की जीडीपी में कर राजस्व का योगदान बढ़ेगा और सरकार विकसित भारत के लिए अधिक रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।





# घने कोहरे ने रोकी दिल्ली की रफ्तार ट्रेन, हवाई जहाज की गति हुई धीमी

## मौसम विभाग ने 4 और 5 जनवरी बारिश का जताया अनुमान

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली और उसके आसपास का क्षेत्र इनदिनों घने कोहरे में लिपटा हुआ हैं। 3 जनवरी, 2025 को दिल्ली में सीजन का सबसे घना कोहरा देखने को मिला, इस कारण ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है, सड़कों पर विजिबिलिटी बहुत कम हो गई है और फ्लाइट्स पर भी असर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। दिल्ली और एनसीआर में शुक्रवार सुबह घना कोहरा देखने को मिला। घने कोहरे के कारण सड़कों, पेड़-पौधों और गाड़ियों की विजिबिलिटी बेहद कम हुई है। सुबह के 9 बजे ऐसी स्थिति थी कि लोग गाड़ी चलाने के लिए इमरजेंसी लाइट्स का इस्तेमाल कर रहे थे। दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में कोहरा इतना घना था कि सड़क के मोड़ और आने-जाने वाली गाड़ियों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। खासकर हाईवे और प्रमुख सड़कें पूरी तरह से कोहरे से ढकी हुई थीं। रिहायशी इलाकों में कुछ हद तक राहत थी, लेकिन मुख्य मार्गों पर स्थिति बहुत बेकार थी। कोहरे के कारण वाहन चालकों को अपनी गति कम करनी पड़ी और सड़क पर चलने में भी कठिनाई हुई। यही




नहीं, सड़कों पर सुरक्षित गाड़ी चलाने के लिए वाहन चालकों को विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। घने कोहरे का असर रेल यातायात पर भी पड़ा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली आने वाली 24 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कोहरे के कारण ट्रेनों की गति को कम किया गया है, इससे उनका समय बढ़ गया है। कई ट्रेनें अपनी निर्धारित समयसीमा से काफी देरी से चल रही हैं और यात्रियों को सफर के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह देखकर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन के समय और मार्ग में बदलाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें। वहीं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी कोहरे का असर दिखाई दिया है। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण उड़ानों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। हालांकि, एयरपोर्ट ने कहा कि अभी तक सभी फ्लाइट्स अपने तय समय पर चल रही हैं। फिर भी यात्रियों को सलाह है कि वे एयरलाइन से संपर्क करके अपनी फ्लाइट के समय और स्थिति की जानकारी प्राप्त करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली में और अधिक ठंड बढ़ सकती है। विशेषकर 4 से 6 जनवरी के बीच उत्तर भारत के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है, जिससे ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ का असर हो सकता है। इससे बारिश और ठंड में और वृद्धि हो सकती है। वहीं, दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी घना से बहुत घना कोहरा छा सकता है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 4 से 7 जनवरी तक बर्फबारी की संभावना जाहिर की है। विशेष रूप से, 5 और 6 जनवरी को इन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जिससे यातायात पर असर पड़ सकता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) क्लस्टर के निवासियों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

# विविध-समाचार

## बीपीएससी कैंडिडेट्स के समर्थन में उतरे पप्पू यादव, समर्थकों ने रोकी ट्रेन; प्रशांत किशोर भी आमरण अनशन पर डटे

पटना (आरएनएस)। बिहार में बीपीएससी परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बापू परीक्षा केंद्र पर 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद बापू परीक्षा केंद्र पर परीक्षा रद कर दी गई। ये विवाद यहीं नहीं थमा, बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पेपर लीक की शिकायत करते हुए परीक्षा रद करने की मांग की जा रही है।

अपनी मांग को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। वहीं अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार बंद का ऐलान किया है, जिसके बाद वे सुबह 9 बजे सचिवालय हाल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों ने ट्रेन रोककर जमकर नारेबाजी की।

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थक बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठे। पुलिस ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थकों को तितर-बितर कर दिया, जिन्होंने बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर 'रेल रोको' का आयोजन किया था।

## मुंबई के धारावी में भीषण हादसा, टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर; 6 गाड़ियां खाई में गिरीं

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के धारावी इलाके में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार एक टैंकर ने सड़क किनारे खड़ी छह गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे सभी गाड़ियां पास के नाले में गिर गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ जब गाड़ियों के मालिक उन्हें रात में सड़क किनारे पार्क करके गए थे। बेकाबू टैंकर ने इन गाड़ियों को टक्कर मारते हुए नाले में धकेल दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। क्योंकि हादसे के समय सभी गाड़ियां खाली थीं।

फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची है और नाले में गिरी गाड़ियों को निकालने का काम जारी है। पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अभी तक इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर टैंकर चालक क्यों इतनी तेजी से गाड़ी चला रहा था और वह हादसे के समय नशे में था या नहीं। धारावी में हाल के दिनों में सड़क हादसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाना है। इस हादसे के बाद एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह सड़क हादसों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए।

## घर छोड़कर भागने वाले प्रेमियों के लिए हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, जारी की गाइडलाइंस

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हर दिन करीब 90 से अधिक याचिकाएं ऐसी आ रही है, जिसमें घर छोड़कर भागने वाले प्रेमी जोड़े सुरक्षा की मांग करते हैं। जिसकों देखते हुए अब उच्च न्यायालय ने 12 गाइडलाइंस जारी की है।

बेंच ने कहा कि ऐसा करने से हमारे हर दिन करीब 4 घंटे बच जाएंगे, जो इस तरह की याचिकाओं की सुनवाई में बर्बाद होते हैं। जस्टिस संदीप मुद्गिल की बेंच ने कहा कि यह पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह कपल को शेल्टर और जरूरी सुरक्षा प्रदान करे। अदालत ने कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से ऐक्शन लेना चाहिए। अदालत तो आखिरी विकल्प है, जहां तभी पहुंचना चाहिए, जब कहीं कोई सुनवाई न हो रही हो। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संवैधानिक अदालतों का तो काम ही है कि वे नागरिकों सुरक्षा प्रदान करें। वे जब भी खतरे में हों तो उनकी सुरक्षा के लिए मौजूद रहें। लेकिन हर दिन ऐसे मामले बड़ी संख्या में अदालत पहुंचे तो वह भी सही नहीं है। इसमें भी अदालत का 4 घंटे का वक्त डेली बर्बाद होता है। इसलिए हम एक मेकेनिज्म तैयार करते हैं, जिसके आधार पर पुलिस ऐक्शन ले सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे मामलों में पहला ऐक्शन पुलिस और प्रशासन की तरफ से होना चाहिए। यह तभी हो, जब उन्हें किसी की ओर से खतरे की सूचना प्राप्त हो। लेकिन ऐसे मामले यदि अदालत में आते हैं तो वक्त की बर्बादी होती है। पहले ही अदालत पर तमाम केसों का बोझ है। ऐसे में एक मेकेनिज्म के तहत काम होना चाहिए।' बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों के निपटारे के लिए हर जिला मुख्यालय में एक नोडल अधिकारी की तैनाती होनी चाहिए। यह अधिकारी एएसआई से नीचे की रैंक का नहीं होना चाहिए। यह आदेश हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के लिए लागू होता है। बेंच ने कहा कि यदि नियमों का पालन कर लिया जाए तो फिर अदालत का हर दिन 4 घंटे का समय बचेगा। बेंच ने कहा कि हमारे पास इस समय में पुराने केसों को निपटाने की सुविधा रहेगी, जो लंबे समय से अटके हैं। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संविधान का आर्टिकल 21 किसी भी व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत आजादी देता है।

# किसानों को लेकर सीएम मान ने की अहम प्रेस कांफ्रेंस, बोले- कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्रॉफ्ट नहीं करेंगे लागू

चंडीगढ़ (आरएनएस)। खनौरी व शंभू बॉर्डर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अहन प्रेस कांफ्रेंस की है। मान ने केंद्र सरकार को अपने अड़ियल रवैया छोड़ने के लिए कहा है। इसके साथ ही साएम मान ने कहा कि वह केंद्र सरकार के कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को स्वीकार नहीं करते हैं।

कांफ्रेंस में मान ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं अड़ियल रवैया छोड़े दे, रजामंदी से मामले निपट जाते हैं। दुनिया में जंगे चलती हैं, लेकिन मामले टेबल पर बातचीत से निपटते हैं। किसान देश के नागरिक हैं। ऐसे में उनकी जत्थेबंदियों को मीटिंग के लिए बुलाकर इस मामले को निपटाने की कोशिश करें। सीएम ने कहा कि वह केंद्र सरकार के कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को स्वीकार नहीं करते हैं। इस बारे में पंजाब सरकार लिखकर केंद्र सरकार को भेज रही है। हम कह रहे हैं कि किसी अन्य राज्य में तुजुर्बा कर ले, अगर कामयाब होगा तो हमें बता देना। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हैं। हम जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर गंभीर है। 50 डॉक्टरों की टीम मौके पर तैनात है। साथ ही धरना स्थल के 500 मीटर के दायरे में अस्थाई अस्पताल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ भी होता है तो केंद्र की बीजेपी सरकार जिम्मेदार होगी। सरकार बनने के बाद केंद्र ने नहीं की किसानों से बातचीत सीएम ने कहा कि



केंद्र में दोबारा भाजपा की सरकार बन गई है। लेकिन चुनाव नतीजे आने के बाद किसानों से बातचीत नहीं हुई। जबकि इस दिशा में पहल होनी चाहिए थी। वहीं, अब केंद्र रद्द किए गए तीनों कानूनों को दोबारा किसी अन्य रूप में लागू करने की तैयारी में है। केंद्र सरकार किसानों से बातचीत से घबरा रही है। सीएम ने किसानों को कहा कि पंजाब बंद जैसे फैसले न ले। इस तरह के फैसलों से राज्य का ही नुकसान होता है। पंजाब बंद से पंजाब का सौ करोड़ का नुकसान हुआ है, जबकि लोगों को अलग से परेशानी उठानी पड़ी है।

**अगर डल्लेवाल को कुछ हुआ तो केंद्र सरकार होगी जिम्मेदार**

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का मरणव्रत 38 वें दिन में दाखिल हो गया। हम कई बार बातचीत का प्रयास कर चुके हैं। किसानों की मांगें सारी केंद्र सरकार से जुड़ी हैं। चाहे इन दोनों फोरम की मांगें हो या अन्य यूनियनों की मांगे हैं। सबकी मांगे एक ही है। जत्थेबंदियों की विचार धारा अलग हो सकती है। बातचीत के लिए न्योता को नहीं देते हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। हम डल्लेवाल की सेहत की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। 50 डॉक्टरों की उनकी सेहत की देखभाल कर रही हैं। धरना स्थल से 500 मीटर की दूरी पर बनी हवेली को अस्पताल में तब्दील कर दिया गया है। मैंने खुद, परसों डल्लेवाल से बात की है। उन्हें कहा है कि संघर्ष लंबा चलेगा, आपकी सेहत जरूरी है। केंद्र चाहता है कि डल्लेवाल को उठाकर अस्पताल ले जाए। यह हम कैसे कर सकते हैं। किसान न तो हिंसक हो रहे हैं न कोई टकराव की स्थिति है। हमारे पर प्रेशर बनाने की जगह केंद्र सारे स्टेक होल्डर को बुलाकर बातचीत कर ले। भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। बड़े-बड़े देशों के झगड़ों में योगदान डाल रहे हैं। यह किसान तो अपने ही देश के हैं, इनसे बातचीत की जाए। मध्य प्रदेश के नेता शिवराज सिंह देश के खेती मंत्री हैं। वह वहां के मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें सारे इश्यू पता है। पंजाब और हरियाणा का मंडीकरण सिस्टम बहुत मजबूत है। अब नई एग्रीकल्चर मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को लागू करइसे तोड़ने की कोशिश की जा रही है। आप हरियाणा इलेक्शन जीत गए हैं। जिस तरह के बयान नेताओं के आ रहे है, वह उचित नहीं है।

## हिमाचल में पारा माइनस 14 डिग्री तक पहुंचा, कोहरे के कारण एयरपोर्ट बंद; ट्रेनें भी लेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का असर लगातार बना हुआ है। हिमाचल में बर्फबारी के बाद से प्रदेश के 5 क्षेत्रों का पारा माइनस में पहुंच गया है। हिमाचल के ताबो का न्यूनतम तापमान -14.7 डिग्री, समदो का -9.3 डिग्री, कुकुमसैरी -6.9 डिग्री, कल्पा का -2 और मनाली का 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। सर्दी के अलावा देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। अमृतसर में जीरो विजिबिलिटी के कारण एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यहां फ्लाइट्स के ऑपरेशन रुक गए हैं। इसके अलावा दिल्ली एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। इससे स्पाइसजेट, इंडिगो और एअर इंडिया की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। उत्तर प्रदेश में भी 30 शहरों में घना कोहरा देखने को मिला। आगरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें 7 घंटे तक लेट रहीं। बुलंदशहर में विजिबिलिटी 5 मीटर तक रह गई। वहीं, मध्य प्रदेश में कोहरे के कारण कई जगहों पर 100 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा था। तेज सर्दी और कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। पटना में स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला और अनंतनाग के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बर्फबारी हुई। जबकि श्रीनगर और गांदरबल के मैदानी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में अपने आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में आयोजित अखंड पाठ के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

## सावित्रीबाई फुले की जयंती : पीएम मोदी, अमित शाह, नड्डा और खड़गे ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (आरएनएस)। देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वह महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल हैं और शिक्षा तथा सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अग्रणी हैं। लोगों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयास हमें प्रेरित करते रहते हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, देश में जब भी नारी शिक्षा और सामाजिक समानता की बात होती है, सावित्रीबाई फुले का नाम गर्व से लिया जाता है। सावित्रीबाई फुले ने एक ओर जहां महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, वहीं शिक्षा को समाज सुधार का सशक्त माध्यम बनाया। महिला विरोधी कुरीतियों को समाप्त कर नारी सम्मान की नई परिभाषा गढ़ने वाली महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सावित्रीबाई फुले को याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। क्रान्तिज्योति, महान शिक्षाविद व कवयित्री एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका व हमारी प्रेरणास्रोत, सावित्रीबाई फुले की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए दरवाजे खोले और समाज के वंचित, दलित, पीड़ित और शोषितों के अधिकारों के लिये पुरजोर लड़ाई लड़ी व सामाजिक न्याय में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को लेकर 'इंडिया ' जाएगा एससी, दाखिल करेगा हस्तक्षेप अर्जी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर विपक्ष के कई राजनीतिक दल आवाज उठा रहे हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया भी इस एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है। इंडिया गठबंधन कोर्ट में हस्तक्षेप अर्जी दायर करेगा। इससे पहले कुछ विपक्षी दलों की ओर से इस एक्ट को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं लगाई जा चुकी हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने आज गुरुवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी की उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है, जिसमें 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को लागू करने की मांग की गई है। इस कानून के तहत किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को उस जैसा ही बनाए रखने की बात कही गई है, जैसा वह 15 अगस्त, 1947 के समय था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने आदेश दिया कि ओवैसी की ओर से दाखिल नई याचिका को इस मामले पर लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ा जाए।

# भारत के युवाओं का 'एकलव्य' जैसा अंगूठा काट रही भाजपा : राहुल गांधी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर देश के युवाओं के भविष्य को मिटाने का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर की। लिखा, भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं, तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है।

उन्होंने आगे कहा, हाल ही में यूपी और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्य प्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। बीजेपी की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी कीमत पर दबाने नहीं देंगे।

इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस ने एक्स अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुछ शख्स जेल के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं।

एमपी कांग्रेस ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, अराजकता और अन्याय मोहन सरकार की कार्यशैली के मुख्य अंग हैं। बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र से इन्हें सख्त नफरत है। एमपीपीएससी की अनियमितताओं और अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्र राधे जाट और रजत को जेल भेजना मोहन सरकार के अन्याय की पराकाष्ठा है। मोहन सरकार इन पर लादे गए झूठे प्रकरण तुरंत वापस लें।

## शिवसेना यूबीटी के बदले सुर, मुखपत्र में सीएम फडणवीस की तारीफ, कहा देवाभाऊ प्रशंसा के पात्र

मुंबई (आरएनएस)। पूरा देश जब नए वर्ष के जश्न में डूबा था तो महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस गढ़चिरौली में थे। ऐसी सुबह जिसमें उम्मीदों का वायदा था। 11 नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने की खातिर आत्मसमर्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में उनके प्रयासों को सराहा तो अब धुर विरोधी दल शिवसेना यूबीटी ने भी अपने मुखपत्र सामना में उनकी कोशिशों की प्रशंसा की है।

लिखा गया है- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नए साल पर गढ़चिरौली जिले को चुना। जब मंत्रिमंडल के कई मंत्री मलाईदार महकमों और विशेष जिले के ही पालकमंत्री पद के लिए अड़े बैठे हुए थे, मुख्यमंत्री फडणवीस गढ़चिरौली पहुंचे और उस नक्सल प्रभावित जिले में विकास के एक नए पर्व की शुरुआत की।

जब पूरा देश नए साल के स्वागत और जश्न में मगन था तब मुख्यमंत्री फडणवीस ने नए साल का पहला दिन गढ़चिरौली में बिताया। सिर्फ बिताया ही नहीं, बल्कि कई विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन, उद्घाटन किया।

## माथे पर बिंदी, कानों में झुमके..., पिंक स्टाइलिश साड़ी पहन अनुष्का सेन ने दिखाया ग्लैमरस अवतार, अदाओं पर फैंस ने हारा दिल



एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने दिलकश अंदाज से अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो कातिलाना अदाओं से पोज देती हुई फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं।

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

लेटेस्ट शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर की स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बलखाती हुई कमर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

वहीं, अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने माथे पर बिंदी, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप किया है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार लग रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है-टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- इतनी खूबसूरती लाती कहा से हो। अन्य यूजर ने लिखा है- उम्र के साथ-साथ ग्लो भी निखर रहा है.

बता दें कि एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# पुष्पा 2 की श्रीलीला के हाथ लगी करण जौहर की फिल्म, मिला कार्तिक आर्यन का साथ

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 जब से रिलीज हुई है, यह बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म में जहां अल्लू की तारीफ हुई, वहीं श्रीलीला की एंट्री ने भी दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं ।इस फिल्म के आइटम नंबर किसिक में श्रीलीला ने अपने डांस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया है। उनकी खूबसूरती का हर कोई मुरीद हो गया है ।श्रीलीला की बढ़ती लोकप्रियता देख अब उन्हें बॉलीवुड से फिल्म का प्रस्ताव आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलीला को धर्मा प्रोडक्शंस की नई फिल्म का प्रस्ताव आया है। फिल्म का नाम है तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी। यह वही फिल्म है, जिसके हीरो कार्तिक आर्यन हैं ।खबर है कि इस फिल्म के लिए करण जौहर ने श्रीलीला से संपर्क किया है। बातचीत का सिलसिला जारी है। श्रीलीला ने फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है ।कार्तिक ने इसी साल दिसंबर के अंत में अपनी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी का ऐलान किया था। क्रिसमस के मौके पर उन्होंने इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था ।साल 2026 में उनकी यह फिल्म रिलीज होगी। समीर विद्वंस इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, जिन्होंने सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन किया था ।बता दें कि करण और कार्तिक पहले दोस्ताना 2 के लिए साथ आने वाले थे, लेकिन बात नहीं बन पाई थी। किसिक में अल्लू के साथ श्रीलीला की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया। जहां श्रीलीला ने अपने डांस से लोगों का ध्यान खींचा, वहीं अल्लू के जोश को प्रशंसकों ने फायर बताया ।कुछ ने तो यह तक कह डाला कि इस गाने ने पुष्पा में सामंथा रुथ प्रभु के गाने ऊ अंटावा... को भी पीछे छोड़ दिया ।किसिक को खबर लिखे जाने तक यूट्यूब पर 2 करोड़ 60 लाख लोग देख चुके हैं ।कायदे से देखा जाए तो श्रीलीला का करियर सिर्फ 5



साल पुराना है। 2017 में उन्होंने बतौर बाल कलाकार तेलुगू फिल्म चित्रांगदा से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। साल 2019 में उन्हें बतौर लीड हीरोइन कन्नड़ फिल्म किस में साइन किया गया। फिल्म में श्रीलीला की बड़ी तारीफ हुई ।नतीजा ये हुआ कि बीते 5-6 साल में वह 11 फिल्मों में छोटे-बड़े रोल निभा चुकी हैं। पुष्पा 2 के बाद उनकी झोली में आगे 3 फिल्में और हैं।

## राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का धमाकेदार ट्रेलर आउट, आईएएस ऑफिसर बनकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते दिखे

साउथ सुपरस्टार राम चरण स्टारर मोस्ट अवेटेड पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. गेम चेंजर ने पहले ही इस बात की जानकारी दे दी थी कि 2 जनवरी को फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज होगा. वहीं, लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज हो गया. गेम चेंजर को साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर शंकर ने डायरेक्ट किया है. डायरेक्टर शंकर और राम चरण की जोड़ी की यह पहली फिल्म है. गेम चेंजर में राम चरण के अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी.

गेम चेंजर का ट्रेलर हैदराबाद के कोंडापुर में एक इवेंट में लॉन्च किया गया है. गेम चेंजर का ट्रेलर साउथ सिनेमा के दिग्गज फिल्म डायरेक्टर एस.एस राजमौली ने एएमबी सिनेमा से लॉन्च किया है. वहीं, अल्लू अर्जुन के संध्या थिएटर मामले को ध्यान में रखते हुए मेकर्स ने थिएटर्स पर स्पेशल सिक्योरिटी का इंतजाम करवाया है, जिससे यहां पहुंचने वाले लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े. दरअसल, थिएटर में टिकट लेकर ही इवेंट में एंट्री होगी. थिएटर और इसके अंदर पुलिस सुरक्षा का भी कड़ा इंतजाम है.

## बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त, जानें आठवें दिन का कारोबार




वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही। पहले दिन से ही यह टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरस रही है ।आए दिन फिल्म की कमाई घटती जा रही है। हालांकि, आठवें दिन बेबी जॉन के कारोबार में मामूली उछाल देखने को मिला है ।आइए बताते हैं फिल्म ने 8वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने अपनी रिलीज के आठवें दिन यानी पहले बुधवार को 2.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.40 करोड़ रुपये हो गया है ।फिल्म ने पहले दिन 11.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। इसका बजट 180 करोड़ रुपये बताया जा रहा है ।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता फिल्म के सीक्वल बनाने पर भी विचार कर रहे हैं ।बेबी जॉन में वरुण की जोड़ी पहली बार कीर्ति सुरेश के साथ बनी है। कीर्ति ने इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा है ।जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और सान्या मल्होत्रा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के अंत में सलमान खान का कैमियो भी है ।बेबी जॉन के निर्देशन की कमान कलीज ने संभाली है, वहीं एटली इसके निर्माता हैं ।यह तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसमें दलपति विजय ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

# भारत में 1200 करोड़ के करीब पुष्पा 2, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1800 करोड़ रुपए के करीब

पुष्पा 2 दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहा है. फिल्म चौथे हफ्ते में है और इसकी रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रहा है. इसने पहले ही 25 दिनों में दुनियाभर में 1760 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है. इसकी दमदार परफॉर्मेंस की वजह से फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ क्लब के करीब पहुंच गई है. इतना ही नहीं, यह जल्द ही हिंदी बेल्ट में भी 800 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेगी.

सुकुमार के निर्देशन में बनी इस पुष्पा 2 ने 27वें दिन सभी भाषाओं में 8.55 करोड़ की कमाई की. यह तीसरी बार था, जब अल्लू अर्जुन की फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई. फिल्म ने पहली बार चौथे शुक्रवार को सिंगल डिजिट (8.75 करोड़ रुपये) में बिजनेस किया. इसके बाद 26वें दिन फिल्म एक बार फिर सिंगल डिजिट में कमाई की. वहीं 27वें दिन 7.7 करोड़ के साथ तीसरी बार सिंगल डिजिट में कलेक्शन किया. लेकिन 28वें दिन फिल्म ने 70.78 प्रतिशत की बड़ी उछाल के साथ डबल डिजिट में कमाई की.इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के अनुसार, नए साल के दिन पुष्पा 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 13.15 करोड़ रुपये की कमाई की. इससे फिल्म का नेट घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1184.65 करोड़ रुपये हो गया. नए साल के दिन अल्लू अर्जुन की हिंदी वर्जन ने 9.5 करोड़ रुपये और तेलुगू ने 3.1 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में भी जबरदस्त कमाई कर रही है. 27 दिनों में फिल्म ने 782 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं, 28वें दिन फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 9.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. 28 दिनों के बाद फिल्म का कुल कलेक्शन लगभग 791.5 करोड़ रुपये हो गया है. उम्मीद है कि फिल्म चौथे हफ्ते में ही 800 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी.वहीं, सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने एसएस राजामौली की बाहुबली 2~ द कन्क्लूजन के बड़े ग्लोबल बेंचमार्क को पार कर लिया है. पुष्पा 2 के मेकर्स ने सोमवार को अनाउंस किया कि फिल्म ने 25वें दिन तक दुनियाभर में 1760 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.

उस समय, फिल्म बाहुबली 2 की जगह लेने से सिर्फ 28 करोड़ रुपये दूर थी. पिछले दो दिनों में पुष्पा 2 ने भारत में 20.85 करोड़ रुपये कमाए, इसलिए दुनियाभर में इसका कलेक्शन निश्चित रूप से बाहुबली 2 से आगे



निकलने के लिए जरूरी 28 करोड़ रुपये की संख्या को पार कर गया होगा.

पुष्पा 2 के मेकर्स ने सोमवार को अनाउंस किया कि फिल्म ने 25वें दिन तक दुनियाभर में 1760 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. उस समय, फिल्म बाहुबली 2 की जगह लेने से सिर्फ 28 करोड़ रुपये दूर थी. पिछले दो दिनों में पुष्पा 2 ने भारत में 20.85 करोड़ रुपये कमाए, इसलिए दुनियाभर में इसका कलेक्शन निश्चित रूप से बाहुबली 2 से आगे निकलने के लिए जरूरी 28 करोड़ रुपये की संख्या को पार कर गया होगा.

सैकनिल्क के अनुसार, आमिर खान की दंगल अब तक भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कमाई करने वाली फिल्म है. भारत में रिलीज होने के बाद इस फिल्म ने 2070 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि, बाहुबली 2 के साथ ऐसा नहीं हुआ. एसएस राजामौली की इस फिल्म ने भारत में 1030.42 करोड़ रुपये कमाए और दुनियाभर में 1788 करोड़ रुपये कमाए.पुष्पा 2 अभी भी पोंगल तक सिनेमाघरों में अच्छी कमाई कर सकती है. शंकर की गेम चेंजर 10 जनवरी को साउथ में बड़ी रिलीज है. गेम चेंजर में राम चरण और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं. इस फिल्म को पैन-इंडिया रिलीज के तौर पर देखा जा रहा है और संभावना है कि यह फिल्म पुष्पा 2 के कलेक्शन को प्रभावित करेगी.

# मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में आसानी से शामिल करने के लिए अपनाएं ये तरीके

मेडिटेशन मानसिक शांति और आत्म-संतुलन पाने में मदद कर सकता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मेडिटेशन का महत्व और भी बढ़ गया है ।अगर आप भी मेडिटेशन को शुरू करना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए है ।आइए हम आपको पांच सरल तरीके बताएंगे, जिनसे आप आसानी से मेडिटेशन की शुरुआत कर सकते हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इन कदमों का पालन करके आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं।

### सही स्थान चुनें

मेडिटेशन के लिए एक शांत और आरामदायक स्थान चुनना बहुत जरूरी है। यह जगह ऐसी होनी चाहिए, जहां आपको कोई बाधा न हो और आप पूरी तरह से अपने विचारों में डूब सकें ।घर का कोई कोना या बगीचा इस काम के लिए उपयुक्त हो सकता है। वहां बैठकर कुछ समय बिताएं ताकि आपका मन उस जगह से परिचित हो सके और वहां मेडिटेशन करना आसान हो जाए।

### समय निर्धारित करें

मेडिटेशन के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करना आपकी दिनचर्या को व्यवस्थित करने में मदद करता है ।सुबह का समय सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि तब मन शांत होता है और दिनभर की चिंताओं से मुक्त रहता है ।अगर सुबह का समय संभव न हो तो शाम को भी मेडिटेशन किया जा सकता है। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि नियमितता बनी रहे और आप इसके लाभ प्राप्त कर सकें।

### आरामदायक मुद्रा अपनाएं

मेडिटेशन करते समय शरीर को आरामदायक स्थिति में रखना जरूरी होता है ताकि लंबे समय तक बैठने पर कोई असुविधा न हो ।पद्मासन या सुखासन जैसी मुद्राएं आमतौर पर उपयोगी होती हैं। अगर ये कठिन लगें तो कुर्सी पर बैठकर भी मेडिटेशन किया जा सकता है ।ध्यान रहे कि रीढ़ सीधी रहे और शरीर में कोई तनाव न हो। इससे आप अधिक समय तक मेडिटेशन में स्थिर रह सकेंगे और मन को शांति मिलेगी।

### सांसों पर ध्यान केंद्रित करें

सांसों पर ध्यान केंद्रित करना मेडिटेशन की शुरुआत के लिए एक सरल और प्रभावी तरीका है। जब आप धीरे-धीरे गहरी सांस लेते हैं और



छोड़ते हैं तो इस प्रक्रिया पर पूरा मेडिटेशन दें ।इससे आपके विचार शांत होंगे और मन को स्थिरता मिलेगी। नियमित अभ्यास से यह विधि मानसिक शांति प्रदान करती है और ध्यान की क्षमता को बढ़ाती है ।इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि इसका अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

### नियमित अभ्यास करें

मेडिटेशन में सफलता पाने के लिए नियमित अभ्यास बहुत अहम होता है ।शुरुआत में कुछ मिनट ही सही लेकिन रोजाना अभ्यास करें ताकि धीरे-धीरे आपकी क्षमता बढ़े और आप अधिक देर तक बिना विचलित हुए बैठ सकें ।नियमितता से ही आपको इसके लाभ महसूस होने लगेंगे ।इन सरल कदमों के माध्यम से आप अपनी मेडिटेशन यात्रा शुरू कर सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं।

# 60 दिनों में वजन घटाने के लिए अपनाएं ये वर्कआउट योजना

वजन घटाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, लेकिन सही वर्कआउट योजना और समर्पण से इसे हासिल किया जा सकता है ।इस लेख में हम आपको एक वर्कआउट योजना बताएंगे, जो 60 दिनों में 7 किलो वजन कम करने में मदद कर सकती है ।यह योजना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपयुक्त है और इसे घर पर भी आसानी से किया जा सकता है ।इस योजना का पालन करके आप अपने फिटनेस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### कार्डियो एक्सरसाइज से शुरुआत करें

कार्डियो एक्सरसाइज वजन घटाने के लिए जरूरी है। ये आपके दिल की धड़कन को बढ़ाती हैं और कैलोरी जलाने में मदद करती हैं ।आप रोजाना सुबह या शाम को आधे घंटे तक दौड़ सकते हैं, साइकिल चला सकते हैं या रस्सी कूद सकते हैं। अगर बाहर जाना संभव नहीं हो तो घर पर जंपिंग जैक या बर्पीज़ कर सकते हैं ।कार्डियो एक्सरसाइज करने से आपकी ऊर्जा बढ़ती है और शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का महत्व समझें

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न केवल मांसपेशियों को मजबूत बनाती है बल्कि शरीर की अतिरिक्त चर्बी भी कम करती है। हफ्ते में दो दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें, जिसमें पुश-अप्स, स्क्वाट्स, लंजेस जैसी एक्सरसाइज शामिल हों ।ये एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत करती हैं और शरीर की अतिरिक्त चर्बी को घटा सकती हैं ।इसके अलावा स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से आपकी हड्डियां भी मजबूत होती हैं, जो लंबे समय तक फिट रहने में मदद कर सकती हैं।

### योग और मेडिटेशन का संयोजन अपनाएं

योग और मेडिटेशन मानसिक शांति के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं ।हफ्ते में एक दिन योग करें, जिसमें सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन जैसे आसन शामिल हों। ये आसन आपके शरीर को लचीला बना सकते हैं और तनाव को दूर करते हैं ।इसके अलावा मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे आप अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और आपकी एकाग्रता भी बढ़ती है।

### हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग



हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) तेजी से कैलोरी जलाने का बेहतरीन तरीका है। इसमें छोटी अवधि के लिए उच्च तीव्रता वाली एक्सरसाइज की जाती है, जिसके बाद थोड़ी देर आराम किया जाता है ।उदाहरण के तौर पर आप 30 सेकंड तक स्प्रिंट कर सकते हैं, फिर 30 सेकंड आराम कर सकते हैं और इसे कुछ बार दोहरा सकते हैं ।एचआईआईटी आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे आपका शरीर अधिक कैलोरी जलाता रहता है।

### आराम करने का दिन भी रखें

वर्कआउट प्लान में आराम का दिन भी जरूर होना चाहिए ताकि शरीर ठीक से रिकवर हो सके और मांसपेशियां मजबूत बन सकें ।हफ्ते में एक दिन पूरी तरह आराम करें या हल्की स्ट्रेचिंग करें, जिससे अगले सप्ताह फिर से ऊर्जा के साथ वर्कआउट शुरू कर सकें ।आराम करने से चोट लगने का खतरा भी कम होता है और आप अपनी फिटनेस यात्रा को लंबे समय तक जारी रख सकते हैं, जिससे वजन घटाने के लक्ष्य को हासिल कर सकें।

# इजरायली हमलों में गाजा पुलिस प्रमुख समेत 71 की मौत

गाजा (आरएनएस) । गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख और उनके डिप्टी भी शामिल हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया कि इजरायली सेना ने गुरुवार को 30 से अधिक हमले किए। इनमें अल-मवासी के तथाकथित मानवीय क्षेत्र और उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर पर भी अटैक हुआ।

मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, इजरायली एयर स्ट्राइक में नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि गाजा के पुलिस बल के प्रमुख महमूद सलाह और उनके डिप्टी हुसाम शाहवान उन 12 लोगों में शामिल थे, जो अल-मवासी में एक टेंट शिविर पर हुए हमले में मारे गए। सलाह एक अनुभवी अधिकारी थे। उन्होंने पुलिस में 30 साल बिताए थे और करीबी छह साल तक इसके प्रमुख रहे।

गाजा के आंतरिक मंत्रालय ने हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि दोनों पुलिस अधिकारी 'हमारे लोगों की सेवा करके अपना मानवीय और राष्ट्रीय कर्तव्य निभा रहे थे।' मंत्रालय ने इजरायल पर घातक हमले के जरिए गाजा में 'अराजकता' फैलाने और 'मानव पीड़ा' को बढ़ाने का आरोप लगाया। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने वार्ताकारों को कतर की राजधानी दोहा में बातचीत जारी रखने के लिए कहा है ताकि बंधकों की रिहाई के लिए डील फाइनल की जा सके। हाल ही में इजरायल और हमास ने समझौते में देरी को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे।

## शीर्ष कमांडर सुलेमानी की हत्या के पांच साल, ईरान ने किया याद

तेहरान ,(आरएनएस) । ईरान के लोगों ने देश भर में अमेरिका द्वारा शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या की पांचवीं वर्षगांठ मनाई।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर सुलेमानी और इराकी मिलिशिया नेता अबू महदी अल-मुहंदिस 3 जनवरी, 2020 को बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे। ईरान ने इस हत्या की निंदा राज्य आतंकवाद के कृत्य के रूप में की थी।गुरुवार को तेहरान और सुलेमानी के गृहनगर केरमान सहित देश भर के शहरों में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए, जिनमें उन्हें और अन्य को रेजिस्टेंस फ्रंट के शहीदों को सम्मानित किया गया। तेहरान में इमाम खुमैनी के मोसल्ला प्रार्थना हॉल में एक बड़ी सभा हुई, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी प्रमुख होसैन सलामी और कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी जैसे सैन्य कमांडर और सुलेमानी के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।उपस्थित लोगों ने सुलेमानी और मुहंदिस के साथ-साथ क्षेत्रीय समूहों के अन्य मारे गए कमांडरों की तस्वीरें भी अपने हाथों में ले रखी थीं। हॉल में सुलेमानी, मुहंदिस, हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह और पूर्व हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की बड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गई थीं।पेजेशकियन ने कहा कि सुलेमानी ने अपना जीवन उत्पीड़ितों की रक्षा और लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने मुसलमानों के बीच मतभेद पैदा करने की दुश्मनों की कोशिशों पर भी टिप्पणी की। कहा, हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसी साजिशों को विफल करने के लिए अधिकतम प्रयास करें, तथा दुश्मनों को अपने बुरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मुसलमानों के बीच मतभेदों का फायदा उठाने से रोकें।

# चीन में एक और महामारी की एंट्री, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने बढ़ाई चिंता



बीजिंग (आरएनएस) । चीन, जहां से कोरोना महामारी की शुरुआत हुई थी, एक बार फिर एक नई महामारी की आशंकाओं से घिरा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और पोस्ट्स के अनुसार, चीन में ह्यूमन मेटापनेयूमो वायरस , इन्फ्लूएंजा॰, मायकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे अस्पतालों और श्मशान घाटों में भीड़ बढ़ गई है। इन दावों ने एक नए महामारी के फैलने की आशंका को जन्म दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अस्पतालों के वेटिंग हॉल मरीजों से भरे हुए दिखाए जा रहे हैं, जहाँ कई लोग मास्क पहने हुए हैं और कुछ खांस रहे हैं। एक वीडियो, जिसे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किया गया है, को 1 करोड़ 20 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जिसमें दावा किया गया है कि यह चीन के एक अस्पताल का दृश्य है।

हालांकि, इन दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न तो चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की पुष्टि की है कि चीन में कोई नई महामारी फैल रही है।

एचएमपीवी एक श्वसन संबंधी वायरस है जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनता है, जैसे खांसी, बुखार और नाक बहना। यह वायरस विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। एचएमपीवी का संक्रमण कोविड-19 की तरह ही फैलता है, संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से या संक्रमित सतहों को छूने से।

सोशल मीडिया पर फैली इन आशंकाओं के बावजूद, डब्ल्यूएचओ और चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक इस कथित नए महामारी के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। डब्ल्यूएचओ ने इस वायरस के प्रकोप को लेकर किसी आपातकालीन स्थिति की घोषणा नहीं की है और न ही कोई गंभीर चेतावनी जारी की है। इसलिए, अभी तक इसे एक संभावित खतरे के रूप में देखा जा रहा है जिसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## भीड़ में गाड़ी घुसाने से पहले दो जगह फिट किए थे बम; आईएसआईएस समर्थक हमलावर को लेकर एफबीआई ने किए नए खुलासे

वाशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में नए साल पर कई लोगों को ट्रक से रौंदने वाले हमलावर शम्सुद-दीन जब्बार पर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि हमलावर जब्बार ने अकेले ही ये हमला किया था। बाइडन ने कहा कि उसे आईएसआईएस का प्रबल समर्थन था। बुधवार की सुबह जब्बार ने अपने पिकअप ट्रक को भीड़ से भरी बॉर्बन स्ट्रीट में घुसा दिया था, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 35 घायल हो गए।


**आतंकी हमले के एंगल से जांच कर रही एफबीआई**

एफबीआई इस घटना की जांच आतंकवादी हमले के एंगल से कर रही है। 42 वर्षीय जब्बार की स्थानीय पुलिस के साथ गोलीबारी में मौत हो गई। वो एक पूर्व अमेरिकी सैनिक था। वह ह्यूस्टन का रहने वाला था और गाड़ी चलाकर न्यू ऑरलियन्स गया था।

बाइडन ने कहा कि एफबीआई ने मुझे बताया कि अभी तक हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि हमले में कोई और शामिल है। उन्होंने पाया है कि हमलावर वही व्यक्ति था जिसने भीड़ में अपनी गाड़ी घुसाने से कुछ घंटे पहले ही फ्रेंच क्वार्टर में दो नजदीकी स्थानों पर उन आइस कूलर में विस्फोटक रखे थे।

## भूकंप के तेज झटकों से थर्राया अमेरिका का चिली

वाशिंगटन (ए)। दक्षिण अमेरिकी देश चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय समय के मुताबिक यहां 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी यह



स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भूकंप के कारण चिली के प्रभावित क्षेत्र में कितना नुकसान हुआ है। चिली सरकार और आपदा प्रबंधन एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर बने रहने, अनावश्यक यात्रा न करने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक एंटोफगास्टा, चिली में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र 104 किलोमीटर (64.62 मील) की गहराई पर था।बता दें कि इतिहास में अब तक सबसे ज्यादा तीव्रता का भूकंप चिली में ही दर्ज किया गया है। चिली भूकंप-प्रवण देशों में से एक है, जहां प्लेट टेक्टॉनिक्स के कारण अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इतिहास में यहां कई भीषण भूकंप दर्ज किए गए हैं। 1960 में वल्डिविया में आया 9.5 तीव्रता का भूकंप अब तक का सबसे बड़ा भूकंप माना जाता है।

## अमेरिका में फर्नीचर वेयरहाउस की छत पर क्रैश हुआ प्लेन, 2 लोगों की मौत

कैलिफोर्निया, (आरएनएस) । अमेरिका के कैलिफोर्निया में फर्नीचर के वेयरहाउस पर एक प्लेन क्रैश हुआ है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, लॉस एंजिल्स के पास गुरुवार को एक विमान इमारत की छत से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फुलर्टन पुलिस प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर 2ः09 बजे लॉस एंजिल्स से 40 किमी दक्षिण-पूर्व में फुलर्टन शहर में हुई। हादसे के तुरंत बाद ही विमान में भीषण आग लग गई और आसपास के जगहों को खाली कराया गया।

स्थानीय केएबीसी न्यूज चैनल के वीडियो फुटेज में एक बड़ी इमारत के ऊपर से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया है। यह इमारत एक क्षेत्रीय ट्रेन लाइन के पास स्थित है और इसके दोनों ओर कई इमारतें भी हैं।

क्रिस्टी वेल्स ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह विमान किस तरह का था, घायल एयरक्राफ्ट में या फिर जमीन पर थे और घायलों की स्थिति क्या है।

## भारत के साथ बेहद खास रिश्ता है, हमारा देश कभी खिलाफ नहीं जाएगा', बांग्लादेश के आर्मी चीफ ने दिया बयान



ढाका , (आरएनएस) । भारत से चल रहे तनावों के बीच बांग्लादेश के आर्मी चीफ का बड़ा बयान सामने आया है। सेना प्रमुख वाकर-उज-जमान ने एक बयान में कहा कि भारत के साथ बांग्लादेश का बेहद खास रिश्ता है। इसलिए उनका देश कभी भारत के खिलाफ नहीं जा सकता। इस दौरान उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण पड़ोसी बताया और कहा कि ढाका कई मामलों में नई दिल्ली पर निर्भर है।

सेना प्रमुख ने कहा कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अपना इलाज कराने भी भारत जाते हैं और वहां से ढाका बहुत सारा सामान भी आयात करता है। इसलिए बांग्लादेश ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा, जो भारत के रणनीतिक हितों के खिलाफ हो। भारत-बांग्लादेश के बीच लेन-देन से लेकर आपसी हितों को समान महत्व देने का रिश्ता है। इसमें कोई भेदभाव न हो। इसलिए बांग्लादेश को भारत से समान रिश्ते बना कर रखना होगा। यही बांग्लादेश के हित में है।

बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण भारत के साथ कई मुद्दों में से एक है। जबकि अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध अंतरिम सरकार की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वह छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद देश से बाहर चली गई थीं। छात्रों के आंदोलन के कारण उनकी 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। बांग्लादेश स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के खिलाफ ''मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार'' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पूर्व राजनयिक और प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में वास्तविक विदेश मंत्री हुसैन ने कहा कि रोहिंग्या संकट से निपटने के साथ-साथ अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखना 2025 में बांग्लादेश के लिए प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी।

# खेल समाचार

# बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर सिमटी

## ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 9 रन बनाये




सिडनी (ए)। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी और अपनी पहली पारी में 185 रनों पर ही सिमट गयी। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त तक अपनी पहली पारी में तीन ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 9 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि सैम कोनस्टास 7 रन बनाकर खेल रहे थे।वहीं आज सुबह भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह सही साबित नहीं हुआ। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट केवल 17 रनों पर ही खो दिये। भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। सलामी बल्लेबाजों के साथ-साथ कोहली और जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। भारत की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रनों पर ही आउट हो गये । इसके बाद केएल राहुल के उम्मीद थी पर वह केवल 4 रन ही बना पाये। शुभमन गिल ने इस मैच में वापसी करते हुए केवल 20 रन बनाये। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी 17 रन ही बना पाये। ऋषभ ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। वहीं रविंद्र जडेजा 26 रनों पर आउट हुए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले नितीश रेड्डी शून्य पर ही आउट हो गये। वाशिंगटन सुंदर ने 14 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 रन बनाये। बुमराह 17 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट। बुमराह ने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। मोहम्मद सिराज 17 रन बनाकर नाबाद रहे। मेजबान कंगारुओं की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 4, मिचेल स्टार्क ने 3, पैट कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया। भारतीय टीम की अंतिम 11 में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और चोटिल आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। इस मैच में भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम लिया। जिस कारण बुमराह को कप्तानी दी गयी थी। इस मैच में शुभमन गिल की अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज कृष्णा को पहली बारी सीरीज में खेलने का अवसर मिला है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने एक बदलाव के तहत ही मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने ऑलराउंडर वेबस्टर को खराब फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श की जगह शामिल किया गया है।

## हमने शायद रोहित को टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार देखा हैः गावस्कर

सिडनी, (ए)। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें टेस्ट के लिए आराम करने का फैसला करने के बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर टीम के लिए अपना आखिरी टेस्ट



खेला है।गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के कप्तान को प्लेइंग 11 में शामिल किए जाने पर अजीबोगरीब जवाब के बाद सीरीज के अंतिम मैच में रोहित की भागीदारी अनिश्चित थी।हालांकि, गुरुवार की शाम को यह स्पष्ट हो गया कि रोहित मैच में नहीं खेलेंगे। टॉस के समय, जसप्रीत बुमराह ने कप्तान की टोपी पहनी, जबकि शुभमन गिल ने रोहित की जगह प्लेइंग 11 में जगह बनाई। भारत की टीम में दूसरा बदलाव यह था कि चोटिल आकाश दीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया। रोहित के बल्ले से संघर्ष ने उन्हें युवा खिलाड़ी के लिए जगह छोड़ने के लिए मजबूर किया।

## अपनी मर्जी से नहीं गौतम गंभीर के चलते बेंच पर बैठने मजबूर हुए रोहित शर्मा

सिडनी, (ए.)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे सिडनी टेस्ट मैच में रोहित शर्मा प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं हैं. उनकी जगह टीम इंडिया की कमान संभाल रहे जसप्रीत बुमराह ने टॉस पर बताया कि रोहित ने रेस्ट करने का फैसला किया है. लेकिन, अब खबर सामने आ रही है की हेड कोच गौतम गंभीर ने हिटमैन को अंतिम ग्यारह से बाहर किया है।

ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. उनके बल्ले से एक भी अच्छी पारी नहीं निकली है, जिसकी वजह से हेड कोच गौतम गंभीर रोहित को प्लेइंग-11 से बाहर करने पर अड़ गए थे।

दरअसल, गंभीर किसी भी कीमत पर सिडनी टेस्ट जीतकर टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में बनाए रखना चाहते थे. इसलिए इस वक्त वह प्लेइंग इलेवन को लेकर कोई भी समझौता नहीं करना चाहते. यही वजह है कि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित को अंतिम ग्यारह से बाहर कर शुभमन गिल को मौका देना चाहते थे।

## सिडनी के परिणाम पर टिकीं डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारत की संभावनाएं




सिडनी (ए.)। भारतीय टीम के विश्व विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की संभावनाएं अब सिडनी टेस्ट पर ही अधारित हैं। अगर भारतीय टीम ये मैच हारती है तो उसके फाइनल में पहुंचने की सभी संभावनएं समाप्त हो जाएंगी। वहीं अगर वह जीतती है तो दौड़ में बनी रहेगी पर उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित होनो होगा। इस मैदान पर भारतीय टी को अब तक 13 मैचों में से केवल एक बार ही जीत मिली है। वहीं उसे पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम को एकमात्र जीत जनवरी 1978 में मिली तब बिशन सिंह बेदी कप्तान थे। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 131 रन पर आउट करने के बाद गुंडप्पा विश्वनाथ और करसन घावरी के अर्धशतकों की सहायता से भारत ने 265 रन की बढ़त बना ली। इसके बाद, इरापल्ली प्रसन्ना के चार विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में 263 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में भागवत चन्द्रशेखर और बेदी ने क्रमशः चार और तीन विकेट लिए थे। वहीं इस सीरीज की बात करें तो पर्थ में 295 रनों की बड़ी जीत के बाद भारतीय टी को 1-0 की बढ़त के साथ मिल गयी थी पर टीम उसे बरकरार नहीं रख पायी। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कि फिर ब्रिस्बेन टेस्ट बराबरी पर रहा जबकि मेलबर्न में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी। बॉर्डर गावस्कर सीरीज अभी 2-1 से फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है पर अगर भारतीय टीम मैच जीतती है

## पाक टीम जीतेगी चैंपियंस ट्रॉफी : शोएब अख्तर

लाहौर (ए)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भरोसा है कि अपनी मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी टीम खिताब जीतेगी। पाक में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा और इसमें भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को होगा। इसमें भी शोएब को अपनी टीम के जीतने की उम्मीदें हैं। अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान शीर्ष 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमान को टीम में शामिल किया जाये। इसमें बाबर आजम भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अख्तर ने कहा कि, बाबर चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए अंतर पैदा करेंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मुझे यकीन है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम अच्छा खेलेगी। उन्होंने कहा कि पाक को अपने घरेलू मैदानों का लाभ मिलेगा जिससे उसके जीतने की अधिक संभावना है। इससे पहले उसेन साल 2017 में भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था।

# विविध-सामाचार

## ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

ऑकलैंड, (आरएनएस)। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई।ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया।जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और एस -हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी।ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा, मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है।ओसाका ने अंतिम सेट में अपना दबदबा जारी रखा, जिसमें दिन का उनका 10वां और अंतिम ऐस उनके पहले मैच प्वाइंट पर पहुंचा। ओसाका ने 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद पहली बार फाइनल चार में जगह बनाने के लिए अपना स्थान पक्का किया।

## 100 साल तक नहीं टूटेगा धोनी का विनिंग प्रतिशत का रिकॉर्ड

नईदिल्ली, (आरएनएस)। 2008 में शुरू हुए आईपीएल के 17 सीजन खेले जा चुके हैं और हर बार एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनते और टूटते हैं. लेकिन, हम आपको महेंद्र सिंह धोनी के एक ऐसे रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जो अगले 100 सालों तक भी उन्हीं के नाम पर दर्ज रहने वाला है, क्योंकि कोई दूसरा उनके आस-पास भी नहीं है।

वैसे तो एमएस धोनी ने कई बड़े रिकॉर्ड आईपीएल में अपने नाम किए हैं, लेकिन बतौर कप्तान एक ऐसा रिकॉर्ड है, जो सबसे बड़ा है. ट्रॉफी के मामले में तो भले ही रोहित शर्मा धोनी की बराबरी कर लें, लेकिन विनिंग प्रतिशत में तो माही की बराबरी आज तक ना तो कोई कर सका है और उन रिकॉर्ड्स को देखकर ऐसा लगता है कि सालों तक इसे कोई तोड़ भी नहीं पाएगा.अब तक अपने आईपीएल करियर में धोनी ने 226 मैचों में टीम की कप्तानी की और 133 मैचों में अपनी टीम को जीत दिलाई. जबकि 91 मुकाबलों बतौर कप्तान हारे. एमएस धोनी के बाद दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम है, जिन्होंने 158 मैचों में मुंबई की कप्तानी की है और 87 मैचों में जीत दिलाई. अब आप देख ही सकते हैं कि पहले नंबर पर मौजूद धोनी और दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित के आंकड़ों में कितना बड़ा अंतर है और रोहित आईपीएल में अब बतौर कप्तान नहीं सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलते हैं. ऐसे में ये कहना बिलकुल गलत नहीं होगा कि ये रिकॉर्ड सालों-साल माही के नाम रहने वाला है. आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी को 4 करोड़ रुपये में रिटेन कर अपने साथ बरकरार रखा है. नतीजन, ये तो तय हो गया है कि माही आईपीएल 2025 में भी चेन्नई का प्रतिनिधित्व करेंगे. आंकड़ों की बात करें, तो धोनी ने 264 मैचों में 137.54 की स्ट्राइक रेट और 39.13 के औसत से 5243 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 24 अर्धशतक भी लगाए।

## 16 वर्ष से हो रहा सामूहिक 108 सुंदर काण्ड का पाठ

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 'व्यवहारिक कैलेंडर नव वर्ष के सनातनी संस्कृतिनुसार स्वागत हेतु और राम मंदिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी की प्रथम वर्षगाठ आयोजन के पूर्व में सुशीला नर्मदा फाउंडेशन द्वारा सामूहिक 108 सुंदरकांड पाठ पूजन हवन कार्यक्रम प्रसादी वितरण का आयोजन आज 4 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे से रामजी बाबा समाधि स्थल परिसर धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। धर्म प्रेमी नागरको को अग्रवाल परिवार के अनिल अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल,अक्षदा अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल नर्मदा मशीनरी परिवार ने आमंत्रित किया है।

### संभागायुक्त 08 जनवरी को लेंगे विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम (निप्र)। विभागों की मासिक संभागीय समीक्षा बैठक नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में 08 जनवरी 2025 को प्रात : 10:30 बजे से आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। संभागायुक्ततिवारी किसान कल्याण, सहकारिता, मार्कफेड, मत्स्य, उद्यानिकी एवं पशु पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे।

### राजस्व एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक 10 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। संयुक्त आयुक्त विकास नर्मदापुरम ने बताया कि बैतूल जिले की राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संभागायुक्त के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में 10 जनवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे से कलेक्टर कार्यालय जिला बैतूल के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पतंगबाजी के लिए चायनीज मांझों का उपयोग किया गया पूर्णतः प्रतिबंधित

नर्मदापुरम (निप्र)। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डी.के. सिंह ने समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को आदेशित किया है कि वह अपने अनुभाग अंतर्गत पूर्णरूप से चायनीज मांझों का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने हेतु प्रतिबंधित करें। तथा उल्लघंन किये जाने पर नियमानुसार संबंधितों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त आदेश आमजनों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दिए है। मकर संक्रांति के पर्व पर प्राय: यह देखा जाता है, कि बहुतयात व्यक्तियों द्वारा पतंगबाजी किये जाने हेतु चायनीज मांझो का उपयोग किया जाता है। यह चायनीज मांझों का निर्माण अत्यंत ही घातक कांच मिश्रण एवं अन्य केमिकल के निर्माण से तैयार किये जाने के कारण इनका उपयोग मानव जीवन हेतु असुरक्षित है। कतिपय मामलों में यह भी देखा गया है कि चायनीज मांझों के साथ पंतगबाजी किये जाने से आमजन के लिए असुरक्षित व मानव शरीर को इन चायनीज मांझों के कारण अकसर गंभीर चोट जैसे हाथ कटना, गला कटना अथवा शरीर के अन्य अंग दुर्घटनाग्रस्त होते है।

# सावित्रीबाई फुले का जन्म देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है




नर्मदापुरम (निप्र)। माता सावित्रीबाई फुले के जन्म जयंती स्थानीय नव अंकुर संस्था में सामाजिक एवं जनमानस ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय सैनी ने माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर संबोधित करते हुए कहा माता न सिर्फ पहली महिला शिक्षिका थी। बल्कि महान समाज सेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता भी थीं। उनका पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बीता। उनका नाम आते ही सबसे पहले शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान हमारे सामने आता है। वे हमेशा महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए जोरदार तरीके से आवाज उठाती रहीं।संयुक्त माली सैनी समाज के सचिव बृजमोहन सैनी ने कहा कि वे अपने समय से बहुत आगे थीं और उन गलत प्रथाओं के विरोध में हमेशा मुखर रहीं। फुले एक महान समाज सुधारक दार्शनिक कवयित्री और शिक्षाविद् भी थीं। उनके पति महात्मा ज्योतिराव फुले भी एक प्रसिद्ध चिंतक और लेखक थे। इसी क्रम सतीश बिल्लौरे ने कहा कि फुले का विचार और प्रयास सदैव शिक्षा से समाज के सशक्तिकरण पर गहरा विश्वास था। जब महाराष्ट्र में अकाल पड़ा तो सावित्रीबाई और महात्मा फुले का सामाजिक न्याय का ऐसा उदाहरण विरले ही देखने को मिलता है। जब वहां प्लेग का भय व्याप्त था तो उन्होंने खुद को लोगों की सेवा में झोंक दिया। इस दौरान वे खुद इस बीमारी की चपेट में आ गईं। अंकित सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि उनका मानवता को समर्पित उनका जीवन आज भी हम सभी को प्रेरित कर रहा है।इस आयोजन में दीपक सैनी राजू मालवीय अनिल सैनी कृष्ण गुप्ता अबीर शुभम शर्मा शिवम सैनी गणेश अर्जुन मेहरा राजू सैनी।सामाजिक व्यक्ति के साथ.साथ शहर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए।

## आज नर्मदापुरम जोन-2 क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रबंधक (शहर) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.क.मि. नर्मदापुरम जोन-2 ने बताया कि 04 जनवरी 2025 को नर्मदापुरम जोन-2 क्षेत्र अन्तर्गत 33/11 के.वी उपकेन्द्र मिल्क डेयरी में 5 MVA से 8 MVA पावर ट्रान्सफार्मर की क्षमता वृध्दि होना है, जिस कारण 33/11 के.वी मिल्क डेयरी




उपकेन्द्र से निकलने वाले निम्न 11 के.वी फीडर पर विद्युत सप्लाई तक बन्द रहेगी। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभावित क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड फीडर अंतर्गत जिला जेल पुलिस लाइन, कमिश्नर कॉलोनी, इन्द्रप्रस्थ, पटवारी कॉलोनी, बाबई रोड, कलिका नगर, बैंक कॉलोनी आदि क्षेत्र में सुबह 08:00 से शाम 05:00 बजे तक, आई टी आई फीडर अंतर्गत पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, तवा कॉलोनी, महिला जेल के आस पास एरिया, शांति नगर आदि क्षेत्र में सुबह 10:00 से शाम 05:00 बजे तक, मालाखेडी फीडर अंतर्गत व्यंकटेस परिसर, बाबई रोड, मंगलमय परिसर, डिवाईन सिटी, चक्कर रोड, सांई विहार कॉलोनी, रेशम केन्द्र, आजाद चौक, कलेक्टर बंगला, पांच बंगला आदि क्षेत्र में सुबह 10:00 से शाम 05:00 बजे तक, नर्मदा टाउन फीडर अंतर्गत सांई ईडन पार्क, मंगलमय विलास, कुलामडी रोड़, नर्मदा टाउन आदि क्षेत्र में सुबह 10:00 से शाम 05:00 बजे तक एवं कलेक्ट्रेट फीडर अंतर्गत कोर्ट परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर आर सी सी माल आदि क्षेत्र में सुबह 08:00 से 10:00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। बताया गया कि आवश्यक्ता अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

## अनाज मंडियों के भाव

नर्मदापुरम/इटारसी/पिपरिया।(निप्र)। इन दिनों मंडियों में अनेक तरह के अनाजों की आवक हो रही है। सभी जिंसों की कीमत में वृद्धि बनी हुई है। मंडियों में अलग अलग अनाज के दाम भी अलग है।

**पिपरिया मंडी भाव**

'गेहूं .2779.3300'
'चना.4900.6375'
'तुअर.5000.7600'
'मसूर .5530.5530'
'बटरी.निल
'सोयाबीन ; पीला3700.4250'
'धान ;पूसा 2200.2750'
'धान ;.2700.2940'
'धान ;1509.
'मक्का -निल'
'सरसों.निल
'मूँग.2200.8071'
'उड़द निल

# परंपराओं को जीवित रखने के लिए युवा उत्सव आवश्यक है




नर्मदापुरम (निप्र)। 28 वां जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न हुआ खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में नर्मदा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न हुआ युवा। उत्सव में जिले के सभी नगरों से विभिन्न विधाओं में प्रतिभागी उपस्थित हुए शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अमिता जोशी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पुरोहित एवं निर्णायक नित्य गोपाल कटारे ओम प्रकाश शर्मा बाबूलाल कदम अशोक सोनी सहित सभी सामान्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी उमा पटेल एवं नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी श्रीमती मोनिका चौधरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के साथ ही प्रतियोगिता आरंभ हुई प्रतियोगिता में कविता लेखन कहानी लेखन भाषण लोक गायन चित्रकला लोक नृत्य एवं साइंस मॉडल सम्मिलित थे सभी विधाओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति दी दिन भर चली इन प्रतियोगिताओं में कविता लेखन में धर्मेंद्र प्रथम, अनामिका द्वितीय स्थान पर रही शिवांशु मिश्रा भाषण में प्रथम कुमारी महक सराठे भाषण में द्वितीय एवं तृतीय रुद्रांश उदयपुरे रहे कहानी लेखन में प्रथम वैष्णवी मीना और द्वितीय अक्षय बिल्लों रहे लोकगीत सामूहिक में प्रथम नर्मदा महाविद्यालय का ग्रुप वहीं द्वितीय स्थान पर सरगम ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर प्रीति माझी ग्रुप रहा चित्रकला प्रतियोगिता में अवनी चौरे प्रथम शिवानी साहू द्वितीय एवं तेजस तृतीय स्थान पर रहे लोक नृत्य प्रतियोगिता में महात्मा गांधी महाविद्यालय इटारसी प्रथम एवं प्रीति मांझी ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे साइंस मॉडल में आदित्य साहू द्वारा बनाया गया अग्निशमन यंत्र प्रथम स्थान पर एवं उपस्थित एप विपिन यादव द्वारा बनाए गए द्वितीय स्थान पर रहे इस अवसर पर निर्णायक गण श्रीमती स्वर्णलता छेनिया श्रीमती अर्चना शुक्ला श्रीमती शिखा साहू सुश्री कृतिका मालवीय श्रीमती शोभा श्रीमती रूपा भावसार श्रीमती रेखा काप्से नित्या पटेरिया जय सिंह ठाकुर सौरभ सूर्य ने उत्कृष्ट प्रतिभाओं का संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन करने में सहयोग किया कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा एवं संयोजन महेंद्र पचलानिया द्वारा किया एवं योगेंद्र पालीवाल उपासना ठाकुर रोशनी सोनकर जयसिंह भदोरिया चंदा मिश्रा सुषमा अहिरवार नारायण बावरिया चेतन निखत सहित सभी विभागीय सहयोगी उपस्थित रहे 4 जनवरी को नर्मदा महाविद्यालय में संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएग

# समर्थन मूल्य पर किसानों से किया जा रहा है धान खरीदी कार्य

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी कार्य किया जा रहा है। जिले में स्थापित 64. उपार्जन केन्द्रों पर कुल 13593 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है। जिले में आज दिनांक 03 जनवरी 2025 तक 64 धान उपार्जन केन्द्रों पर 8616 कृषकों से कुल 104356 में.टन धान की खरीदी हुई है, जिसके विरुद्ध उपार्जन समितियों द्वारा 97283 में.टन का Ready to Transport किया गया है। 97283 में. टन Ready to Transport के विरुद्ध 92629 में.टन (95.72%) का परिवहन / भंडारण किया जा चुका है। नागरिक आपूर्ति निगम स्तर से 87412 में.टन के स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके है तथा 160.68 करोड़ रुपये का सफल भुगतान जे.आई.टी के माध्यम से विक्रेता किसानों को किया जा चुका है। नागरिक आपूर्ति निगम में अनुबंधित मिलर्स द्वारा अभी तक 48077 में. टन धान का उठाव किया जा चुका है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम ने बताया कि कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय समिति एवं उपखंड स्तरीय समितियों द्वरा सत्त रूप से धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण किया जा रहा है एवं आवश्यक व्यवस्थायें सुदृढ की जा रही है।

### रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 10 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 10 जनवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 4:00 बजे तक सीहोर स्थित पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में युवा संगम के तहत रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेला में स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियां आएंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

## जिले की चारों विधानसभाओं की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एवं बैठक 06 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत जिला नर्मदापुरम की चारों विधानसभा क्षेत्र कमांक 136-सिवनीमालवा, 137-होशंगाबाद, 138-सोहागपुर एवं 139-पिपरिया की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिला कार्यालय एवं जिले की समस्त विधानसभाओं के कार्यालय एवं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर 06 जनवरी 2025 को किया जाना है। तत्संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के रेवा कक्ष में 06 जनवरी 2025 सोमवार को सायं 05:30 बजें से जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई हैं। राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों से अनुरोध किया गया है, कि वे स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि उक्त बैठक में उपस्थित रहें।



## बाल भिक्षावृत्ति निवारण हेतु चलाया गया अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। संचनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम के निर्देशन व मार्गदर्शन में बाल भिक्षावृत्ति निवारण हेतु अभियान 03 जनवरी 2025 को रेलवे स्टेशन एरिया में संचालित किया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव, पर्यवेक्षक श्रीमती आशा भदौरिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अभियान का संचालन किया गया।

### पचमढ़ी महोत्सव 2024-25

### आयोजित कार्यक्रमों के सुचारु रुप से संचालन हेतु चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के पर्यटन स्थल पचमढी जिला नर्मदापुरम में पचमढी महोत्सव का आयोजन 03 जनवरी से 05 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। तत्संबंध में कलेक्टर / अध्यक्ष जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार पचमढ़ी महोत्सव 2024-25 के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचमढी जिला नर्मदापुरम ने चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार डॉ0 तन्मय मालवीया चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती अशोका वर्मा नर्सिंग ऑफिसर एवं श्रीकान्त मण्डल ड्रेसर ग्रेड-2 की ड्यूटी 03 जनवरी से 05 जनवरी 2025 तक लगाकर निर्देशित किया है कि वे आवश्यक जीवनरक्षक दवाईयों की किट एवं उपकरणों के साथ कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। पचमढी महोत्सव के दौरान मेला व्यवस्था हेतु मनोज सिंह ठाकुर, प्रबंधक एवं अमजद खान से सम्पर्क कर सकते है।

## दूरदर्शन, म.प्र.साहित्य साधना मंच एवं अंजुमन फिक्रे अदब के तत्वाधान में मुशायरा आज

सीहोर (निप्र)। दूरदर्शन, म.प्र.साहित्य साधना मंच एवं अंजुमन फिक्रे अदब के तत्वाधान में आज दिनांक 4 जनवरी 2025, शनिवार को शाम 6 बजे स्थानीय सीहोर क्लब शुगर फेक्ट्री चौराहे पर मुशायरे का आयोजन रखा जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ.अनीस खान एवं साहित्य साधना मंच के संस्थापक सुरेश जायसवाल द्वारा ने बताया कि उक्त आयोजन स्वर्गीय राय साहब राम चरण जायसवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश प्रदेश के मशहूर शायर जनाब मसरूर कौसर, रशीद शैदा,शायरा सीमा शिवहरे सुमन, महावीर सिंह, मंगलेश जायसवाल, हबीब सागर, तमकीन बहादुर, सोहेल आसिफ, नोमान गाजी, उवैस राईन, ए आर साहिल, जावेद अष्टवी, वृंदावन राय सरल सागर, धर्मराज, रामनारायण राठौर, सादिक राईन आदि शायर आयोजन में शिरकत करेगें।

# नवीन ग्राम पंचायत भवनों के सुचारू क्रियान्वयन एवं संपादन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण किया गया आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में शासन स्तर से 25 ग्राम पंचायतों में नवीन पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। नवीन स्वीकृत ग्राम पंचायत भवनों के सुचारू क्रियान्वयन एवं संपादन हेतु जिला पंचायत नर्मदापुरम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शासन के दिशा निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कुबेर सिंह मिर्धा, जिला परियोजना अधिकारी शैलेष उके तथा रोहित यादव उपयंत्री द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री तथा संबंधित जनपद पंचायत के सहायक यंत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण के साथ गुणवत्तापूर्ण, समय-सीमा में ग्राम पंचायत भवन निर्मित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने का आवाहन किया

सीहोर (निप्र)। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए आमजनों को आवाहन करते हुये कहा कि जिले में 100 दिवसीय नि-क्षय कार्ययोजना के तहत शिविर लगाये जा रहे है। उन्होंने इन शिवरों में जाकर स्वास्थ्य परिक्षण कराने तथा पूरा ईलाज लेकर टीबी को सीहोर जिले से और देश से खत्म करने का आवहन किया है। साप्ताहिक समय सीमा बैठक कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा समस्त विभागो प्रमुखों को 100 दिवसिय निक्षय शिविर मे सहभागिता प्रदाय करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टी.बी. मुक्त भारत अभियान अन्तगर्त जिले में नवाचार किये जा रहे है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के दौरान आने वाले लोगो को टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से संबंधित समाज मे फैली भ्रांतिया एवं उससे बचाव, उचपार निदान सबंधी जानकारी देने के लिए आग्रह किया जायेगा। शहर के समाजो के प्रमुखों शहर काजी, फादर, गुरुद्वारा प्रमुख सभी ने समाज मे टीबी रोग से लडने के लिए समाज को संकल्पित किए जाने की योजना है।

## बसपा कार्यकर्ताओं ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती

सीहोर (निप्र)। बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती जिला स्तर पर मनाई गई। इय मौके पर विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम जिला कार्यालय पर रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे जॉन प्रभारी बसपा ग्वालियर, विशेष अतिथि अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा सीहोर, कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर ने की। इस अवसर पर शाकिर अली जिला उपाध्यक्ष बसपा सीहोर, नर्सिंग भारती जिला महासचिव बसपा सीहोर, एम.पी. सागर जिला सचिव बसपा सीहोर, हरिओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष, आनंद घावरी जिला बीवीएफ मुख्य अतिथि द्वारा माता सावित्रीबाई फुले जी के जन्म दिन पर उनके जीवन संघर्ष पर विचार रखें और आगामी 15 जनवरी को कुमारी मायावती के जन्मदिन को लेकर पूरे जिले के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये गये। विशेष अतिथि अनोखी लाल मालवीय ने जिले में मायावती जी के जन्मदिन को लेकर आर्थिक दिवस के रूप में जिले में रजिस्टर के द्वारा जो भी सहयोग राशि इकट्ठा हुई है उसे भोपाल प्रदेश कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गये। इस मौके पर जिले भर से आये पदाधिकारी एवं शुभचिंतक साथियों का आभार व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में चारों विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ताओं में नवीन भैरव पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, राकेश बौद्ध पूर्व बीवीएफ संयोजक जिला सीहोर, धर्मेंद्र कचनारिया विधानसभा प्रभारी इछावर, देवकरण कुरल विधानसभा अध्यक्ष आष्टा, सोहन मालवीय, राहुल चौहान, राहुल मालवीय, पप्पू कुरल एवं समस्त जिला कमेटी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फसल बीमा की तिथि में हुई वृद्धि 10 जनवरी 2025 तक करा सकते है, फसल बीमा

नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र. शासन द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने से वंचित कृषको हेतु बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 के स्थान पर 10 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने के.सी.सी. धारक कृषक भाइयो से अनुरोध किया है कि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2024 में लगाई जा रही फसल (जिले में अधिसूचित -गेहूं/चना/सरसों) का बीमा अवश्य कराये। उप संचालक कृषि ने अऋणी/बटाईदार/कालातीत (डिफाल्टर) कृषक भाइयो से अनुरोध किया है कि, अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका, बुवाई प्रमाण पत्र के साथ संबंधित बैंक (जहाँ आपका बचत खाता हो) या CSC सेंटर के माध्यम से अपनी फसल का बीमा अवश्य करवाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्राकृतिक आपदा जैसे - जलभराव, ओलावृष्टि, भूस्खलन, प्राकृतिक आग आदि से क्षति होने पर क्षतिपूर्ति दावा राशि का लाभ कृषक भाइयो को मिल सकेगा, जिले में गेहूं, चना और सरसों फसल अधिसूचित है, कृषको को फसल बीमा हेतु प्रीमियम राशि प्रति हेक्टयर - गेहूं 675 रु, चना 594 रु एवं सरसों 510 रु प्रति हैक्टेयर देना होगा, कृषक भाइयो की फसल बीमा संबंधी अधिक जानकारी के लिए विभाग के अधिकारी एवं बीमा कंपनी एस.बी.आई. जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते है या भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 या पीएमएफबीवाई वॉट्सएप बॉट नंबर +91 7065514447 या crop insurance app या krishak app पर भी संपर्क कर सकते है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक-** डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 242-2024 दिनांक 31.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधीन दो विविध कार्य- भाग ए- इटारसी - जबलपुर खंड में सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर अनुभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर में पाइपलाइन के साथ 90000 लीटर (18 मीटर स्टेजिंग) क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टेंक और गाडरवारा (18मीटर स्टेजिंग) स्टेशन पर 2.75 लाख लीटर क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टेंक के प्रावधान द्वारा कर्मचारियों की सुविधाओं के रूप में रेलवे कॉलोनी में जल आपूर्ति व्यवस्था के विस्तार का कार्य, भाग बी- सहायक मंडल अभियंता पिपरिया सब डिवीजन के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट पिपरिया रेलवे स्टेशन पर बीएसएस सर्वर/निगरानी कक्ष का प्रावधान, **कार्य का अनुमानित मूल्य-** 2,01,82,738/-, **बयाना राशि रूपये-** 2,50,900/-, **समापन अवधि-** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक-** डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 243-2024 दिनांक 31.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत इटारसी जबलपुर खंड के गुरमखेड़ी, बनखेडी, गाडरवारा, बोहनी, करकबेल और भेड़ाघाट स्टेशनों पर लाईनों के सीएससएल (क्लियर स्टैडिंग लंबाई)/सीएसआर(क्लियर स्टैंडिंग रूम) के विस्तार का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य-** 1,46,33,291/-, **बयाना राशि रूपये-** 2,23,200/-, **समापन अवधि-** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक-** डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 244-2024 दिनांक 31.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** इटारसी - जबलपुरः सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर सब डिवीजन - विभिन्न खंडो पर ट्रेक के किनारे साइड ड्रेन का प्रावधान (किमी 902/0-923/0 अप और डाउन), **कार्य का अनुमानित मूल्य-** 1,51,29,574/-, **बयाना राशि रूपये-** 2,25,700/-, **समापन अवधि-** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक-** डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 01-2025 दिनांक 02.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधीन रेलवे बोर्ड द्वारा नए दिशानिर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार कार्य (एफओबी के अलावा), **कार्य का अनुमानित मूल्य-** 3,39,72,058/-, **बयाना राशि रूपये-** 3,19,900/-, **समापन अवधि-** 15 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक-** 24.01.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि-** 24.01.2025, उपरोक्त ई निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के आलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com